page 1_Layout 1 10-09-2026 21:52 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज भारती

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शुक्रवार, 11 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :139 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

ब्रिक्स समिट : शी जिनपिंग का दो दिवसीय भारत दौरा तय, चीनी विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि

डेली आवाज भारती

बीजिंग/नई दिल्ली । चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस हफ्ते के अंत में दो दिनों के लिए भारत दौरे पर पहुंचेंगे। दरअसल भारत की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार दोपहर को राष्ट्रपति जिनपिंग के भारत दौरे की जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷भारत के प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12 से 13 सितंबर तक नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।÷ इससे पहले दिन में बीजिंग में नियमित मीडिया ब्रीफिंग के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जिया-कुन ने शी जिनपिंग की नई दिल्ली की यात्रा को लेकर किसी भी तरह की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था। गुओ जिया-कुन से जब पूछा गया कि



क्या चीनी नेता इस हफ्ते ब्रिक्स नेताओं की बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा करेंगे, इस पर उन्होंने कहा, आपने जो सवाल उठाया है, उस पर मेरे पास देने के लिए कोई जानकारी नहीं है।

लगभग सात साल में चीनी राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। चीनी राष्ट्रपति का भारत दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देश 2020 के गलवान संघर्ष के बाद द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने पर काम कर रहे हैं। भारत ने द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास और प्रगति के लिए भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के महत्व पर बार-बार जोर दिया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग की बिश्केक में हाल ही में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट के दौरान संक्षिप्त बातचीत हुई थी। नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय चर्चा होने की उम्मीद है। भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच अगस्त 2025 और अगस्त 2026 में बनी सहमति और डब्ल्यूएमसीसी के तहत हुई बातचीत के बाद इस महीने की शुरुआत में एलएसी पर पहली सीनियर मिलिट्री कमांडर लेवल की फ्लैग मीटिंग हुई। यह बैठक 6 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सीमा पर वाचा में और 7 सितंबर को चीनी सीमा पर दामाई में आयोजित की गई थी।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और भारत-चीन सीमा प्रश्न पर भारत के विशेष प्रतिनिधि अजीत डोभाल ने 25 अगस्त को बीजिंग में आयोजित भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों की 25वीं दौर की वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास और प्रगति के लिए भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

इस बैठक के दौरान एनएसए डोभाल और चीनी विशेष प्रतिनिधि और केंद्रीय विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने चीन-भारत सीमा मुद्दे और द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक, गहन, मैत्रीपूर्ण और स्पष्ट चर्चा की।

मैंने मजाक में बोला

गलत संदेश गया हो तो माफी, संजय दत्त ने अपने बयान पर दी सफाई

डेली आवाज भारती

मुंबई, । अभिनेता संजय दत्त ने महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को फोन कर दहीहंडी कार्यक्रम के दौरान मराठी भाषा को लेकर दिए अपने बयान पर सफाई दी और कहा कि उनका बयान मजाक में दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके बयान से कोई गलत संदेश गया हो तो वह इसके लिए क्षमा चाहते हैं। जानकारी के अनुसार, मंत्री प्रताप सरनाईक एक बैठक में थे, तभी संजय दत्त का फोन आया। अभिनेता ने बातचीत की शुरुआत मराठी में ÷प्रताप भाई, जय महाराष्ट्र...÷ कहकर की। संजय दत्त ने कहा कि ठाणे में आयोजित दहीहंडी कार्यक्रम में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा था कि ÷मैं छह साल येरवडा जेल में रहकर भी मराठी नहीं सीख पाया।÷ उनका कहना था कि इस टिप्पणी को गंभीरता से लिया गया



और इससे गलत संदेश चला गया। उन्होंने सरनाईक से कहा, ÷मुझे अच्छी मराठी आती है। अगर मेरी बात से किसी की भावना आहत हुई हो या कोई गलत संदेश गया हो तो मैं माफी चाहता हूं। मेरा परिवार मुंबईकर है। मैं इसी मिट्टी में पला-बढ़ा हूं और महाराष्ट्र ने मुझे बहुत कुछ दिया है। बता दें कि ठाणे में प्रताप सरनाईक के संस्कृति युवा प्रतिष्ठान की दहीहंडी महाराष्ट्र की प्रमुख दहीहंडियों में मानी जाती है। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम में संजय दत्त, सुनील शेट्टी, भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव समेत कई फिल्मी हस्तियां, राजनीतिक नेता और कारोबारी शामिल हुए थे। मराठी भाषा को लेकर सरनाईक के सख्त रुख की पृष्ठभूमि में कार्यक्रम में पहुंचे कई सेलिब्रिटीज ने मराठी में संबोधन किया था। इसी दौरान संजय दत्त का ÷मराठी नहीं सीख पाया÷ वाला बयान सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। कई लोगों ने इसकी आलोचना करते हुए सवाल उठाए कि क्या मराठी सीखने की अपेक्षा केवल रिक्शा और टैक्सी चालकों से ही की जाती है। फोन पर बातचीत के दौरान संजय दत्त ने शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के कठिन दौर में बालासाहेब ठाकरे मजबूती से उनके साथ खड़े रहे थे और वह उनके प्रति हमेशा सम्मान रखते हैं।

कनाडा में 20 साल के पंजाबी की दर्दनाक हादसे में मौत

- होशियारपुर के टांडा का ब्रह्मजोत 2 साल पहले ही कनाडा गया था
- दूसरी गाड़ी का 30 साल का ड्राइवर भी एक्सीडेंट में गंभीर घायल
- वहीं दोनों गाड़ियां एक दूसरे से करीब 25 मीटर दूरी पर जल रही थी
- जांच की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ

गाड़ियों की टक्कर में जिंदा जला



डेली आवाज भारती

कनाडा के ओटावा में बुधवार सुबह दो गाड़ियों की टक्कर में 20 साल के पंजाबी नौजवान की मौत हो गई है, जबकि दूसरा बुरी तरह से घायल हो गया है। मृतक की पहचान ब्रह्मजोत सिंह के रूप में हुई है, जो होशियारपुर के टांडा का रहने वाला बताया जा रहा है। ब्रह्मजोत 2 साल पहले ही कनाडा गया था। वहीं पुलिस ने बताया कि मृतक ब्रह्मजोत एक्सीडेंट के समय गाड़ी चला रहा था। दूसरी गाड़ी का 30 साल का ड्राइवर भी एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसका ईलाज चल रहा है। घटना के बारे में स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि किआ सोरेंटो और होंडा C.R.V. के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियों में आग लग गई और वे एक दूसरे से करीब 25 मीटर की दूरी पर जल रही थी। जब फायरफाइटर्स ने आग बुझाना शुरू किया तो उन्हें गाड़ी की अगली सीट पर एक व्यक्ति नजर आया। जलती हुई गाड़ी के अंदर मौजूद व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ।

जालंधर : पूर्व मंत्री भगत चुन्नी लाल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

- पार्थिव शरीर को फूलों से सजी गाड़ी में बस्ती शेख श्मशान घाट ले जाया गया
- बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे
- पंजाब पुलिस ने राजकीय सम्मान के तहत गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी

डेली आवाज भारती

नम आंखों से दी लोगों ने विदाई



जालंधर/जतिनः कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत के पिता और पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री भगत चुन्नी लाल का आज सुबह 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को फूलों से सजी गाड़ी में बस्ती शेख श्मशान घाट ले जाया गया, जहां परिवार और करीबियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। भगत चुन्नी लाल के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में नेता और सामाजिक लोग पहुंचे। जालंधर के मेयर विनीत धीर, पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोरंजन कालिया, पूर्व विधायक शीतल अंगुराल, नीतिन कोहली सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। वहीं पंजाब पुलिस की ओर से उन्हें राजकीय सम्मान के तहत गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी गई। भगत चुन्नी लाल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत 1985 में की थी। उन्होंने जालंधर दक्षिण विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली। इसके बाद वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। 1997 में उन्होंने जालंधर दक्षिण सीट से पहली बार विधानसभा चुनाव जीता और पंजाब विधानसभा पहुंचे। 2007 में वह इसी सीट से दूसरी बार विधायक चुने गए। परिसीमन के बाद जालंधर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का नाम जालंधर पश्चिम हो गया। वर्ष 2012 में उन्होंने भाजपा के टिकट पर जालंधर पश्चिम से चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। भगत चुन्नी लाल अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। वर्ष 2011 में सतपाल गोसाई के इस्तीफे के बाद उन्हें पंजाब विधानसभा का डिप्टी स्पीकर चुना गया था। इसके बाद 2012 से 2017 तक प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व वाली सरकार में उन्होंने कैबिनेट मंत्री के तौर पर जिम्मेदारी संभाली।

2017 में सक्रिय राजनीति से कर लिया किनारा

जालंधर पश्चिम की राजनीति में लंबे समय तक प्रभाव रखने वाले भगत चुन्नी लाल ने 2017 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया और सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया। उनका जन्म 1 दिसंबर 1932 को सियालकोट में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद उनका परिवार जालंधर आकर बस गया था। राजनीति के अलावा उनका स्पोर्ट्स गुड्स के निर्यात का कारोबार भी था। उनके परिवार में चार बेटे और चार बेटियां हैं। उनके निधन के बाद जालंधर समेत पंजाब के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है।

केजरीवाल एक बार फिर बने 'आप' के संयोजक

- पार्टी के संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को भी बरकरार रखा है
- पंकज गुप्ता को राष्ट्रीय सचिव और एनडी गुप्ता कोषाध्यक्ष नियुक्त

डेली आवाज भारती

23 सदस्यीय नई नेशनल एग्जिक्युटिव गठित



नई दिल्ली/सुकून महाजनः आम आदमी पार्टी (आप) की नई राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में अरविंद केजरीवाल को सर्वसम्मति से एक बार फिर आम आदमी पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक चुना गया। इसके साथ ही पार्टी के संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को भी बरकरार रखा है। पंकज गुप्ता को राष्ट्रीय सचिव और एनडी गुप्ता को कोषाध्यक्ष के पद पर दोबारा नियुक्त किया है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से भी उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू
- पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से शुभकामनाएं दी

23 सदस्यों वाली नई नेशनल एग्जिक्युटिव का गठन

आप ने पार्टी के कामकाज और संगठनात्मक फैसलों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए 23 सदस्यीय नई नेशनल एग्जिक्युटिव यानी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी गठन किया है। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक को संगठन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक में देशभर से पार्टी के 330 सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आगामी रणनीति और पार्टी के कामकाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

पंजाब में बिजली संकट मंडराया, थर्मल प्लांट के 3 यूनिट बंद, बिजली उत्पादन हुआ कम

- तलवंडी साबो के प्राइवेट थर्मल प्लांट का एक यूनिट पूरी तरह बंद
- यूनिट किस वजह से बंद हुआ है, अभी इसका पता नहीं चल पाया
- कई दिनों से बिजली का उत्पादन क्षमता के आधे से कम हो रहा



पंजाब में बिजली संकट मंडरा रहा है। क्योंकि कोयला न मिलने के कारण थर्मल प्लांट पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं पंजाब के थर्मल प्लांटों में 3 यूनिट पूरी तरह से बंद हो गए हैं। हालांकि यूनिट किस वजह से बंद हुआ है, अभी इसका पता नहीं चल पाया है। इसके साथ ही तलवंडी साबो के प्राइवेट थर्मल प्लांट का एक यूनिट भी पूरी तरह से बंद हो गया है। वहीं यूनिट बंद होने के कारण बिजली उत्पादन पर असर पड़ा है क्योंकि इससे पहले 4800 मेगावाट बिजली पैदा की जा रही थी, वह गिरकर अब 4500 मेगावाट के पास आ गई है।

उत्पादन से आधे की क्षमता पर काम कर रहा प्लांट

राजपुरा स्थित प्राइवेट थर्मल प्लांट में बिजली का उत्पादन आधे से कम हो रहा है। वहीं रोपड़ स्थित सरकारी थर्मल प्लांट का एक यूनिट और गोइंदवाल का एक यूनिट पूरी तरह से बंद है। हालांकि बहुत दिनों बाद आज लहरा मोहब्बत का चौथा यूनिट भी शुरू कर दिया गया है।

हलका खरड़ में अकाली लहर का गूंजा जोरदार नाम

संगतों का जोश बरा नारा दिखा



डेली आवाज भारती

खरड़/मनिंदर : हलका खरड़ की धरती पर हुई 'पंजाब बचाओ रैली' में जुटी विशाल जन-सैलाब ने शिरोमणि अकाली दल के प्रति लोगों के बढ़ रहे विश्वास और पंजाब के हितों के लिए उनकी मजबूत इच्छा-शक्ति का प्रतीक पेश किया। इस ऐतिहासिक रैली को कामयाब बनाने के लिए पार्टी प्रधान सुखबीर सिंह बादल जी तथा समूह सीनियर लीडरशिप की ओर से मिले मार्गदर्शन के तहत दिन-रात मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं तथा हलका खरड़ की संगत और समूह वर्करों का, जिन्होंने बड़ी गिनती में पहुंचकर इस रैली को शानदार बना दिया, विशेष धन्यवाद किया गया। यह केवल भीड़ नहीं, बल्कि खरड़ के लोगों के भरोसे, प्यार और अमन-भाईचारे की पुकार है। खबर की तड़प, लोगों के हकों और पंजाब के हितों के लिए हर मोड़ पर लोगों के साथ खड़ा रहना मेरी वचनबद्धता है। आज खरड़ ने संदेश दिया है कि 2027 में शिरोमणि अकाली दल की सरकार बनेगी और पंजाब को नई दिशा की ओर बढ़ाया जाएगा।



CMYK

page 2_Layout 1 10-09-2026 20:03 Page 1

काले कपड़े पहनकर सदन में आने वाले अपने दिन भूल गए, लेकिन जनता इनके काले कारनामे नहीं भूली: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

कहा: कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने घोषणाओं की टॉफियां बांटीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाभार्थियों के खातों में सीधे पहुंच रहा पैसा

चंडीगढ़, राहुल गोयल। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि काले कपे पहनकर विधानसभा के पवित्र सदन में आने वाले कांग्रेस के नेता भले ही अपने शासनकाल में किए काले कारनामें भूल गए हों लेकिन जनता इनके शोषण और अत्याचार को नहीं भूली है। लोगों को आज भी याद है कि कांग्रेस की नीतियां जनहित की बजाय लोगों को प्रतोि त करने वाली थीं। गरीबों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पे ते थे, बुजुर्ग पेंशन के लिए भटकते थे, लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए चार-चार दिन तक लाइनों में लगा रहना पे ता था और युवाओं को नौकरियों के लिए भ्रष्ट व्यवस्था से जूझना पे ता था। लेकिन पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकारों ने उस व्यवस्था को बदलकर योजनाओं और सेवाओं को सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात बृहस्पतिवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कही। उन्होंने हरियाणा व पंजाब की कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी को घेरते हुए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने राहुल गांधी के कहने पर काले कपे पहन लिए हैं तो अब राहुल गांधी को भी काले कपे पहन लेने चाहिए। कांग्रेस नेताओं, विशेषकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जनता को यह बताना चाहिए कि उनके शासनकाल में प्रदेश के गरीब, युवाओं, महिलाओं बुजुर्गों और आम आदमी के लिए क्या व्यवस्था थी। आज जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार है वहां की डबल इंजन सरकारें मोदीजी के सभी संकल्पों और जनता से किए वादों को समय से पहले पूरा कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों की सरकारों में वोट हासिल करने के लिए घोषणाएं की जाती है, उनके लिए राजनीति किसी दुकानदारी की तरह है, लोगों को घोषणाओं की टॉफियां बांटों और सत्ता हासिल करो। लेकिन ये पार्टियां जब सत्ता में आ जाती हैं तो पांच साल के लिए घोषणाओं को भूल जाती हैं। फिर चुनाव के समय लोगों को बरगलाने के लिए नई घोषणाएं करने लग जाती हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस व्यवस्था को बदलने का काम हुआ है। आज सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचा रही है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां-जहां डबल इंजन की सरकार हैं, वहां गरीब को मजबूत करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, बुजुर्गों को सम्मान से जीवन जीने और युवाओं को आगे बे ने के अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में माताओं-बहनों से चुनाव पूर्व किए गए वादे के अनुरूप दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। अब तक एक लाख रुपये सालाना आमदनी वाले परिवारों की माताओं-बहनों को इस योजना का लाभ मिलता था जबकि भविष्य में इसका दायरा बे ाकर 1.80 लाख रुपये सालाना आमदनी वाले परिवारों की माताओं-



बहनों को भी इसका लाभ मिलेगा जिसके लिए महिलाओं का रजिस्ट्रेशन 17 सितंबर को 'सेवा दिवस' से शुरू किया जाएगा। इसी प्रकार हमारी सरकार द्वारा प्रो-एक्टिव मॉडल अपनाकर पात्र बुजुर्गों को घर बैठे उनके खातों में पेंशन दी जा रही है। पुराना समय याद करें तो कांग्रेस के शासनकाल में बुजुर्गों को पेंशन बनवाने के लिए सालों-साल न केवल सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पे ते थे बल्कि रिश्वत के रूप में दो-दो महीने की पेंशन अफसरों व नेताओं को देनी पे ती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आम व्यक्ति को गैस सिलेंडर लेने के लिए चार-चार दिन तक लाइनों में लगे रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पे ता था। गरीब परिवारों के लिए तो गैस सिलेंडर हासिल करना और भी मुश्किल था। कांग्रेस शायद उन दिनों को भूल गई होगी, लेकिन जनता नहीं भूली है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब माताओं-बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाकर उनके जीवन को आसान बनाने का काम किया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार नशा रोकथाम में पूरी तरह से फेल साबित हुई है। जबकि हरियाणा सरकार युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें खेलों और शिक्षा से जो रही है और नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ आगे बे रही है जिसमें हर महीने लाखों युवा भागीदारी करते हैं। जमीनी स्तर पर खेल संसाधनों को मजबूत किया जा रहा है, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बे ने के बेहतर अवसर मिलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास आज सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं बचा है। जिन विकास कार्यों के टेंडर सरकार पहले ही जारी कर चुकी है, विपक्ष के नेता उन्हीं स्थानों पर जाकर फोटो खिंचवाते हैं और फिर सोशल मीडिया पर बयानबाजी करते हैं। हरियाणा की डबल इंजन की बीजेपी सरकार धरातल पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जनता की सुनवाई नहीं थी, आज पंजाब में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। इसके विपरीत हरियाणा सरकार ने व्यवस्था में परिवर्तन कर शासन और सरकारी सेवाओं को आम नागरिक के लिए सुलभ बनाया है। हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हे ताल के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकि समाज का हर व्यक्ति हमारे घर का सदस्य है और उनकी समस्याओं व मांगों पर सरकार में प्राथमिकता के आधार पर विचार होता है। प्रदेश में कुछ लोग और विपक्ष के नेता कर्मचारियों को गुमराह करने और भे काने का काम कर रहे हैं लेकिन कर्मचारियों को इनकी मंशा समझनी चाहिए और सरकार के साथ सहयोग करना चाहिए।

पंजाब में बढ़ रहा भाजपा का परिवार

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस छो कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अभी हाल ही में पंजाब के विभिन्न समाजों के 1 हजार से अधिक प्रबुद्धजन भाजपा में शामिल हुए हैं। इन सबका यही कहना है कि वे पंजाब को मजबूत बनाना चाहते हैं और इन्हें पता है कि यह काम केवल तभी संभव है जब पंजाब में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनेगी। पंजाब में भाजपा सरकार बनने के बाद वहां भी हरियाणा की तरह लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा और पंजाब को भी गुरुओं की शिक्षा के साथ तरक्की के रास्ते पर आगे ब ाया जाएगा। इस अवसर पर 'सेवा' विभाग के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव केएम पांडुरंग, निदेशक डॉ. आदित्य दहिया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब के पूर्व मंत्री चुन्नी लाल भगत के निधन पर जताया गहरा दुख

चंडीगढ़,राहुल गोयल। पंजाब विधानसभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत के पिता और प्रसिद्ध राजनेता चुन्नी लाल भगत के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में स्पीकर ने कहा कि चुन्नी लाल भगत के निधन से राजनीतिक क्षेत्र में एक बड़ा और कभी न पूरा होने वाला शून्य पैदा हुआ है। चुन्नी लाल भगत को अत्यंत प्रतिभाशाली, समर्पित, विनम्र, सुलझे हुऐ और योग्य राजनेता बताते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसे नेता थे, जिनसे बहुत से लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिला। उनका जीवनभर का कार्य हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। स्पीकर ने राज्य के लिए उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि चुन्नी लाल भगत द्वारा जालंधर क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों को जनता हमेशा याद रखेगी। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां उनके जनसेवा के कार्यों और स्वच्छ राजनीति से हमेशा प्रेरणा लेती रहेंगी। पीड़ित परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए सरदार संधवां ने परमात्मा से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में शाश्वत निवास प्रदान करें और परिवार के सदस्यों को इस कभी न पूरा होने वाले नुकसान को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

भिक्षावृत्ति विरोधी बल ने महल कलां में बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु निरीक्षण अभियान चलाया

डेली आवाज भारती (क्राइम)

बरनाला/मेहल कलां। बरनाला के उपायुक्त श्री हरप्रीत सिंह आईएएस, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रतिंदरपाल कौर धारीवाल और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गुरजीत कौर के निर्देशों के अनुसार, %प्रोजेक्ट जीवनजोत 2.0% के नेतृत्व में जिला स्तरीय भिक्षावृत्ति विरोधी कार्यबल ने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बाल भिक्षावृत्ति को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से एक विशेष जांच अभियान चलाया। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से चलाया गया। इस अभियान के दौरान, टास्क फोर्स की टीम ने महल कलां शहर के विभिन्न स्थानों पर अचानक निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, टीम को एक बच्चा भीख मांगता हुआ मिला। जांच के दौरान, पूरी टीम ने आम जनता को बाल भिक्षावृत्ति संबंधी कानूनों के बारे में जागरूक किया। टीम ने जनता से अपील की कि यदि भविष्य में कहीं भी



कोई बच्चा भीख मांगता हुआ दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत चाइल्ड लाइन के टोल-फ्री नंबर 1098 पर या संबंधित विभाग को दी जाए। जांच दल में तरलोक सिंह (शिक्षा विभाग), भरम सिंह (स्वास्थ्य विभाग), परगत सिंह (पुलिस विभाग) और बलविंदर सिंह धलेवान (जिला बाल संरक्षण कार्यालय, बरनाला) शामिल थे।

12 तारीख को सत्र मंडल बरनाला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

डेली आवाज भारती

बरनाला, (नवीन सिंगला काली)। न्याय व्यवस्था को आम जनता के लिए अधिक सुलभ, किफायती और त्वरित बनाने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर, 2026 को सत्र मंडल बरनाला में किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधि सेवा प्राधिकरण, बरनाला की माननीय श्रीमती अंशुल बेरी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में संचालित की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों के सुलह और सौहार्दपूर्ण निपटारे के माध्यम से आम जनता को त्वरित और प्रभावी न्याय प्रदान करना है। लोक अदालत न्याय प्रदान करने का एक वैकल्पिक तंत्र है, जिसमें पक्षों को लंबी कानूनी प्रक्रिया, अतिरिक्त खर्च और समय की बचत का लाभ मिलता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान, दीवानी मामले, वैवाहिक-पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा मामले, बैंक वसूली मामले, बिजली और पानी के बिलों से संबंधित मामले, चेक बाउंस/धारा 138 एनआई अधिनियम के मामले, वेतन और रोजगार से संबंधित विवाद, भूमि/संपत्ति से संबंधित विवाद और ऐसे अन्य मामले, जिनका लोक अदालत में कानून के अनुसार समझौते के माध्यम से निपटारा



किया जा सकता है, पर विचार किया जाएगा। जिला विधि सेवा प्राधिकरण, बरनाला ने लोक अदालत की सफलता के लिए विभिन्न स्तरों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। संबंधित अदालतों में लंबित मामलों की पहचान करके उन्हें लोक अदालत में निपटारे के लिए रखा जा रहा है। इसके अलावा, पक्षों को आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से अपने विवादों को सुलझाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोक अदालत में, मामले पक्षों की आपसी सहमति से सुलझाए जाते हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसी एक पक्ष की जीत या हार तय करना नहीं है, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से ऐसा समाधान खोजना है जिससे विवाद का स्थायी और शांतिपूर्ण निपटारा हो सके। लोक अदालत में दिया गया निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है और कानून के अनुसार आमतौर पर इसके विरुद्ध अपील का कोई प्रावधान नहीं होता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए, जिला विधि सेवा प्राधिकरण, बरनाला के सिविल जज (वरिष्ठ श्रेणी)-सह-सचिव श्री मदन लाल ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों को अपने मामलों का शीघ्र, किफायती और सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान कराने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि उनका कोई मामला उपरोक्त श्रेणियों में आता है और वे इसे सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करना चाहते हैं, तो वे संबंधित न्यायालय या जिला विधि सेवा प्राधिकरण, बरनाला से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता के पात्र व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क कानूनी सलाह और सहायता भी प्रदान की जाती है। कानूनी सहायता का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य सामाजिक कारणों से किसी भी व्यक्ति को न्याय पाने के अवसर से वंचित न किया जाए। लोक अदालत न केवल अदालतों में लंबित मामलों का बोझ कम करने में सहायक है, बल्कि यह पक्षों के बीच आपसी भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक शांति स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आपसी सहमति से

प्रदेश के 50 लाख लाभार्थियों को 1890 करोड़ की राशि ट्रांसफर

● मुख्यमंत्री ने जारी की दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 11वीं किस्त ● 10.10 लाख महिलाओं के खातों में 212.16 करोड़ जारी

उद्योग विभाग की 7 योजनाओं के लिए लाभार्थियों को 311.25 करोड़ दिए

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न योजनाओं के तहत 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे एक हजार 890 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि जारी की। इनमें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की किस्त, बुजुर्गों व दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जरूरतमंद परिवारों को दयालु योजना की आर्थिक सहायता, गृहिणियों को गैस सब्सिडी, किसानों को भावांतर भरपाई शामिल है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज %दीन दयाल लाडो लक्ष्मी% योजना की 11वीं किस्त जारी की गई है। इसके तहत 10 लाख 10 हजार लाभार्थी बहन-बेटियों के खातों में 212 करोड़ 16 लाख रुपये डाले गए हैं। इसके साथ ही योजना के तहत अब तक 11 किस्तों में 2 हजार 254 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। आगामी 17 सितंबर से 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विभिन्न 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 6 हजार 841 लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 129 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं।

इसके अलावा, दयालु योजना के तहत 4 हजार 520 परिवारों को 168 करोड़ 13 लाख 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इनमें दयालु योजना-2 के 70 परिवार भी शामिल हैं। आज जारी राशि को मिलाकर अब तक 89 हजार 56 परिवारों को 3 हजार 320 करोड़ 61 लाख 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। पांच लाख महिलाओं को 19.68 करोड़ की गैस सब्सिडी मुख्यमंत्री ने कहा कि %हर घर-हर गृहिणी योजना% के तहत जुलाई माह में गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली 5 लाख महिलाओं के खातों में आज 19 करोड़ 68 लाख रुपये की सब्सिडी भी ट्रांसफर की गई है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। आज जारी राशि को मिलाकर अब तक 14 लाख 65 हजार पात्र बहनों के बैंक खातों में कुल 359 करोड़ 82 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है।

किसानों को भावांतर भरपाई की सौगात

मुख्यमंत्री ने आज भावांतर भरपाई योजना के तहत आलू, फूल गोभी और शहद के लिए 6 हजार 177 किसानों को 49 करोड़ 89 लाख रुपये की भावांतर राशि जारी की गई है। इसमें आलू के लिए 6 हजार 12 किसानों को 48 करोड़ 9 लाख रुपये, फूल गोभी के लिए 99 किसानों को 46 लाख 76 हजार रुपये तथा शहद के लिए 66 किसानों को 1 करोड़ 32 लाख 73 हजार रुपये की राशि शामिल है। आज जारी राशि को मिलाकर अब तक 45 हजार 764 किसानों को 246 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि भावांतर भरपाई के रूप में दी जा चुकी है।

उद्योग विभाग में 670 लाभार्थियों को 311.25 करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई एवं उद्योग निदेशालय की विभिन्न 7 योजनाओं के तहत 670 लाभार्थियों को 311 करोड़ 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि बजट अभिभाषण में इस बारे घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि इसी घोषणा को पूरा करते हुए आज विभिन्न स्कीमों के लाभार्थियों को 311.25 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न 26 योजनाओं के तहत कुल 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में 1 हजार 890 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

यमुना-एनसीआर प्रदूषण पर गंभीर हुई हरियाणा सरकार

दिसंबर 2027 तक तैयार होंगे छह एसटीपी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। दिल्ली-एनसीआर की हवा और यमुना को प्रदूषण से बचाने के लिए हरियाणा ने अब सीवेज से लेकर औद्योगिक कचरे, पराली, वाहनों के धुएं और हरित क्षेत्र तक कार्रवाई तेज कर दी है। यमुना बेसिन में नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और पुराने प्लांटों की क्षमता बढ़ाने के साथ गांवों के अपशिष्ट जल प्रबंधन और बायोगैस परियोजनाओं को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने गुरुवार को यमुना एक्शन प्लान और दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधार से जुड़ी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को निर्धारित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव योगेश कुमार के अनुसार बजघेड़ा, खेड़वा (सोनीपत), रादौर रोड (यमुनानगर),

■ 132 एमएलडी क्षमता के नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन

ददलाना (पानीपत), बादशाहपुर (फरीदाबाद) और सोढापुर (पानीपत) में कुल 132 एमएलडी क्षमता के छह एसटीपी निर्माणाधीन हैं। इन सभी को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ गोहाना, सुनारिया (रोहतक), लाइन पार (बहादुरगढ़), हसनपुर (पलवल), धनवापुर और बहरामपुर (गुरुग्राम) में कुल 304 एमएलडी क्षमता के छह एसटीपी के उन्नयन का काम चल रहा है।

औद्योगिक अपशिष्ट के मामले में पानीपत के सैनी कॉलोनी के पास पुराने औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेन नंबर-2 में अपशिष्ट का प्रवाह रोकने पर फोकस किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय ने 14 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया, जिनमें से चार डिफॉल्टर इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं फरीदाबाद के प्रतापगढ़ में प्रस्तावित 50 एमएलडी सीईटीपी के लिए 10 अगस्त को निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं और बोली जमा करने की अंतिम तारीख 14 सितंबर है। मिर्जापुर के 25 एमएलडी सीईटीपी की डीपीआर और अनुमान की जांच चल रही है, जबकि बादशाहपुर के 15 एमएलडी सीईटीपी के लिए 200.17 करोड़ रुपये का अनुमान तैयार हो चुका है। एनसीआर की हवा सुधारने के लिए पुराने ट्रकों और बसों को बदलने में मदद देने वाली परिवर्तन योजना का पोर्टल भी चालू हो गया है। अब पात्र वाहन मालिकों को योजना में पंजीकरण और भागीदारी के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पराली जलाने पर रोक के लिए इन-सीटू और एक्स-सीटू दोनों मॉडल अपनाए जाएंगे।

ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

डेली आवाज भारती

संगरूर। 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' के तहत जिला संगरूर में करवाए जा रहे ब्लॉक स्तरीय खेलों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि ब्लॉक संगरूर, धूरी और शेरपुर के ब्लॉक स्तरीय टूर्नामेंट पूरे हो चुके हैं, जबकि आज 10 सितंबर को ब्लॉक दिड़बा, लहरागा और अनदाणा में विभिन्न आयु वर्गों के खेल मुकाबले करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन मुकाबलों में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-21, 21 से 30 वर्ष तथा 51 से 60 वर्ष के आयु वर्गों में एथलेटिक्स, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी नेशनल स्टाइल, कबड्डी सर्कल स्टाइल, वॉलीबॉल शूटिंग और वॉलीबॉल स्मैशिंग के मुकाबले करवाए जा रहे हैं। हलका लहरागा के सरकारी हाई स्कूल भाई की पिशोर में कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा रानी ने विशेष रूप से शिरकत कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें आशीर्वाद दिया। इसी तरह हलका दिड़बा के शहीद चतवंत सिंह खेल स्टेडियम, कौहरियां में ब्लॉक



स्तरीय खेलों की ओपनिंग के अवसर पर श्री प्रीतम सिंह पीतू, चेयरमैन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट, संगरूर, श्रीमती जसवीर कौर शेरगिल, चेयरपर्सन मार्केट कमेटी दिड़बा तथा श्री हरविंदर सिंह छाजली, चेयरमैन मार्केट कमेटी सूलर घराट ने विशेष रूप से शिरकत करके खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की। एथलेटिक्स अंडर-14 लड़कों की 600 मीटर दौड़ में समर सिंह ने पहला, गुरसाहिब सिंह ने दूसरा और सरदार सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल अंडर-14 लड़कियों में कौहरियां किंग ने पहला, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुज्जरां (ए) ने दूसरा और सससस गुज्जरां (बी) ने तीसरा स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स अंडर-14 लड़कों की लंबी कूद में जसकरण सिंह ने 4.00 मीटर की छलांग लगाकर पहला, मनिंदर सिंह ने 3.77 मीटर के साथ दूसरा और प्रदीप सिंह ने 3.71 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 लड़कियों की 1500 मीटर दौड़ में वीरां कौर ने पहला और जसप्रीत कौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। कबड्डी नेशनल स्टाइल अंडर-14 लड़कियों में शहीद बाबा हिमत सिंह वेलफेयर क्लब संगतपुरा ने पहला और बाबा बंदा सिंह बहादुर पब्लिक स्कूल बखोरा खुर्द ने दूसरा स्थान हासिल किया। खो-खो अंडर-14 लड़कियों में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल डूडियां (ए) ने पहला, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल डूडियां (बी) ने दूसरा और कैंब्रिज ग्लोबल स्कूल बुशैहरा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पीजीटी कंप्यूटर साइंस अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की होगी वेरीफिकेशन

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने पीजीटी कंप्यूटर साइंस भर्ती (विज्ञापन संख्या 23/2026) के चयनित उम्मीदवारों के लिए अच्छी खबर है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, हरियाणा ने सभी चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के लिए विस्तृत शेड्यूल और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को 11 और 12 सितंबर 2026 को उत्कर्ष सोसाइटी, सेक्टर-2, पंचकूला के कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। शिक्षा विभाग ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभ्यर्थियों के क्रमांक और कुल 6 कमेटियों के हिसाब से शेड्यूल तय किया है। वहीं मेवात कैडर के 9 कैंडिडेट शनिवार 12 सितंबर को बुलाए गए हैं। अभ्यर्थियों को दसवीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन समेत सभी तरह के प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां लानी होंगी।

बरनाला का स्वास्थ्य विभाग, 121 प्रतिशत मोतियाबिंद के ऑपरेशनों को सफलतापूर्वक किए संपन्न

विशेषज्ञ डॉक्टरों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया

डेली आवाज भारती

बरनाला। बरनाला के स्वास्थ्य विभाग ने एनपीसीबी कार्यक्रम के तहत पंजाब सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक 121 प्रतिशत मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए हैं। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, बरनाला के सिविल सर्जन डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने सरकारी और निजी नेत्र विशेषज्ञों और सहायक कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। जिला टीकाकरण अधिकारी-सह-नोडल अधिकारी डॉ. हरजीत सिंह ने बताया कि %राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम% के तहत, सरकारी और निजी डॉक्टरों, कर्मचारियों और सामाजिक सेवा



संगठनों के सहयोग से वर्ष 2025-26 के दौरान 66 विशेष जांच शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में 50 वर्ष से अधिक आयु के 11,806 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 6,263 लोगों की मोतियाबिंद की सर्जरी की गई। रनाला की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंदु बंसल, डॉ. अमोलदीप कौर, डॉ. दीप्ति गुप्ता (सिविल अस्पताल बरनाला) और डॉ. गुरसिमरनजीत सिंह (उप-मंडल अस्पताल तापा) और स्टाफ को मोतियाबिंद की जांच के बारे में लोगों को जागरूक करने और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निजी चिकित्सकों डॉ. रूपेश सिंगला (प्रेम आई हॉस्पिटल), डॉ. गुरपाल सिंह (पंजाब आई हॉस्पिटल) और डॉ. तरलोकी नाथ (तरलोकी एडवांस आई हॉस्पिटल) को भी सम्मानित किया गया।

page 3_Layout 1 10-09-2026 16:23 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ शुक्रवार, 11 सितंबर 2026

नशे के मुद्दे पर भाजपा का पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

भाजपा नेताओं ने सरकार पर लगाए नशे पर प्रभावी अंकुश लगाने में विफल रहने के आरोप, गुलजार सिंह की मौत और मोहनजीत सिंह से कथित पुलिस प्रताड़ना का मुद्दा भी उठा

डेली आवाज भारती

जीरकपुर, भार्गव गोयल। पंजाब में बढ़ते नशे के खिलाफ और आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यप्रणाली के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश में नशे के बढ़ते प्रभाव पर तत्काल और प्रभावी रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नशे का मुद्दा केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पंजाब के युवाओं, परिवारों और पूरे प्रदेश के भविष्य से जुड़ा गंभीर सवाल है। प्रदर्शन के दौरान गुलजार सिंह की दर्दनाक मौत का मामला भी प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले कार्यकर्ता मोहनजीत सिंह के साथ पुलिस हिरासत में कथित प्रताड़ना के आरोपों को लेकर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन से जवाब मांगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपों को नजरअंदाज करने के बजाय निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए।

भाजपा नेताओं ने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या के कारण बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हो रहे हैं। कई माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाने के दावे तभी सार्थक होंगे, जब नशे की सप्लाई करने वाले नेटवर्क, तस्करों और इसके पीछे सक्रिय लोगों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार को जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों पर जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि



लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता को अपनी बात रखने तथा गलत व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। यदि कोई व्यक्ति नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसकी शिकायत सुनने और उस पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। भाजपा नेताओं ने सरकार से मांग की कि नशे के खिलाफ अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें खेल, शिक्षा और रोजगार से जोड़ने की ठोस नीति लागू की जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब की पहचान मेहनती, प्रतिभाशाली और जुझारू युवाओं वाले प्रदेश के रूप में रही है। नशे की समस्या इस पहचान और युवा पीढ़ी के भविष्य को नुकसान पहुंचा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस मौके पर गुरदर्शन सिंह सैनी, मंडल प्रधान सतपाल बंसल सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं में पंजाब सरकार के प्रति भारी रोष देखने को मिला। भाजपा नेताओं ने कहा कि युवाओं के भविष्य और पंजाब के हित से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी आगे भी अपनी आवाज मजबूती से उठाती रहेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि नशे की समस्या पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और जनता से जुड़े गंभीर मामलों में जवाबदेही तय नहीं की गई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपना संघर्ष और तेज करेगी। प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार से नशे पर सख्त कार्रवाई, कानून-व्यवस्था मजबूत करने और आम जनता की शिकायतों का गंभीरता से समाधान करने की मांग की।

श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान, मथुरा-वृंदावन के लिए बस रवानाः विधायक रंधावा



डेली आवाज भारती

लालडू, भार्गव गोयल : मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना के तहत हलका विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा लालडू से श्रद्धालुओं को मथुरा-वृंदावन के पवित्र दर्शन करवाने के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने कहा कि मान सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए उन्हें पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाने के लिए यह विशेष पहल की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विभिन्न वर्गों के श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों की यात्रा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन की पवित्र धरती के दर्शन के लिए रवाना होते समय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। विधायक रंधावा ने सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय होने की कामना की। इस अवसर पर नगर कौंसिल लालडू के प्रधान स. जोरावर सिंह, सीनियर वाइस प्रधान हरीश मदान, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंजाब रणजीत सिंह गिल की चेतावनी

अल्ट्रासाउंड मशीन अस्पताल से नहीं जाने देंगे, जरूरत पड़ी तो देंगे धरना



डेली आवाज भारती

कुराली (संदीप अकालगढ़िया) भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंजाब रणजीत सिंह गिल ने सरकारी अस्पताल में पड़ी अल्ट्रासाउंड मशीन को कहीं और शिफ्ट किए जाने के मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन को अस्पताल से नहीं जाने दिया जाएगा। यदि मशीन को शिफ्ट करने का प्रयास किया गया तो जरूरत पड़ने पर धरना दिया जाएगा। रणजीत सिंह गिल ने कहा कि करीब 50 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई सरकारी अल्ट्रासाउंड मशीन लंबे समय से बिना ऑपरेटर के पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि मशीन को अस्पताल से शिफ्ट करने के बजाय इसे चलाने के लिए तुरंत ऑपरेटर की नियुक्ति की जानी चाहिए, ताकि क्षेत्र के लोगों को अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए और अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए।

अमृतसर में दो ए.के.-47 राइफलें और 50 जिंदा कारतूसों सहित तीन गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे हथियार तस्कर के संपर्क में थेः डी.जी.पी. गौरव यादव

- **बरामद अवैध हथियार पंजाब के आपराधिक तत्वों को सप्लाई किए जाने थेः सी.पी. अमृतसर हरमनबीर गिल**

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल)



अमृतसर और गुरजंट सिंह (24) निवासी गांव जोड़ सिंह वाला, तरनतारन के रूप में हुई है। डी.जी.पी. गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी विदेश में बैठे एक हथियार तस्कर के संपर्क में थे और आपराधिक तत्वों को अवैध हथियारों की सप्लाई करने में शामिल थे। डी.जी.पी. ने कहा कि इस मामले में अन्य व्यक्तियों की पहचान करने, विदेशी तस्करी के लिंक की पुष्टि करने और अवैध हथियारों के व्यापक नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है। कार्रवाई का विवरण साझा करते हुए पुलिस कमिश्नर (सी.पी.) अमृतसर हरमनबीर सिंह गिल ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों, गुरमुख सिंह और पारसदीप सिंह को दो ए.के.-47 राइफलें, तीन मैगजीन और 50 जिंदा कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है। सी.पी. ने बताया कि आगे की जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि ये अवैध हथियार गुरजंट सिंह के माध्यम से हासिल किए गए थे। उनके खुलासे के आधार पर गुरजंट सिंह को मामले में नामजद करके पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना छेहरटा, अमृतसर में भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धाराओं 111 और 113 तथा शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25(6,7,8) के तहत दिनांक 05.09.2026 को एफ.आई.आर. नंबर 205 दर्ज की गई है।

कुराली में आज से शुरू होगा 'रंगला पंजाब कल्चर मेला'

11 से 20 सितंबर तक नई अनाज मंडी, रोपड़ रोड पर आईपीएस स्कूल के पास लगेगा भव्य मेला

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): कुराली शहर और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन एवं पंजाबी संस्कृति से जुड़ा 'रंगला पंजाब कल्चर मेला' आज से शुरू होने जा रहा है। यह मेला 11 सितंबर से 20 सितंबर तक नई अनाज मंडी, रोपड़ रोड, आईपीएस स्कूल कुराली के नजदीक आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के हलका खरड़ प्रभारी परमिंदर सिंह गोल्डी ने पत्रकारों से जानकारी साझा की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए परमिंदर सिंह गोल्डी ने बताया कि यह मेला एक कंपनी की ओर से पंजाब के अलग-अलग विधानसभा हलकों में आयोजित किया जा रहा है। पंजाब के विभिन्न हलकों में इस प्रकार के मेले एवं प्रदर्शनियां आयोजित की जा



चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से भी कंपनी से अनुरोध किया गया था कि इस तरह का मेला कुराली शहर में भी आयोजित किया जाए। इसी अनुरोध के तहत अब यह मेला कुराली में आयोजित किया जा रहा है। परमिंदर सिंह गोल्डी ने बताया कि कुराली में पहली बार चंडीगढ़ की तर्ज पर बड़े स्तर पर इस प्रकार का मेला लगाया जा रहा है। मेले के दौरान पंजाबी संगीत जगत के कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे और अपने गीतों के माध्यम से यहां पहुंचने वाले दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले के पहले दिन 11 सितंबर को हैप्पी रायकोटी, 12 सितंबर को हरफ चीमा, 13 सितंबर को निंजा, 14 सितंबर को लाभ हीरा, 15 सितंबर को अरनैट, 16 सितंबर को गुरलेज अख्तर व कुलविंदर केली, 17 सितंबर को कमाल खान, 18 सितंबर को जी खान, 19 सितंबर को सिप्पी गिल तथा मेले के अंतिम दिन 20 सितंबर को गुलाब सिद्धू अपनी गायकी से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

उन्होंने बताया कि यह केवल सांस्कृतिक मेला ही नहीं, बल्कि एक प्रकार की एग्जीबिशन भी है, जिसमें अलग-अलग प्रकार की बड़ी-बड़ी स्टॉल लगाई जा रही हैं। मेले में बड़ी ज्वेलरी तथा कपड़ों की दुकानें भी पहुंच रही हैं, जहां लोग अपनी पसंद का सामान खरीद सकेंगे। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले भी लगाए जा रहे हैं। इससे परिवारों के साथ मेले में पहुंचने वाले लोगों और बच्चों के लिए मनोरंजन के पर्याप्त साधन उपलब्ध होंगे। मेले में आने वाले लोग जहां प्रसिद्ध पंजाबी कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद ले सकेंगे, वहीं विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी भी कर सकेंगे। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस मेले एवं एग्जीबिशन में अपने बच्चों और परिवार सहित जरूर पहुंचें। उन्होंने कहा कि कुराली शहर में पहली बार इस तरह का बड़ा मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मनोरंजन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की खरीदारी और बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेले में प्रवेश के लिए प्रति व्यक्ति 100 रुपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। 'रंगला पंजाब कल्चर मेला' आज 11 सितंबर से शुरू होकर 20 सितंबर तक नई अनाज मंडी, रोपड़ रोड, आईपीएस स्कूल कुराली के नजदीक आयोजित किया जाएगा।

माता जयंती देवी को समर्पित बैनीपाल ग्रुप की ओर से कड़ी-चावल का अटूट लंगर

डेली आवाज भारती

माजरी, (संदीप अकालगढ़िया): हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माता जयंती देवी को समर्पित बैनीपाल फार्म में बैनीपाल ग्रुप की ओर से कड़ी-चावल का अटूट लंगर लगाया गया। यह लंगर पी.आर.-4 बूथगढ़ रोड पर स्थित बैनीपाल फार्म में लगाया गया, जहां संगतों एवं राहगीरों के लिए कड़ी-चावल का खुला लंगर चलाया गया। बैनीपाल ग्रुप के दलविंदर सिंह बैनीपाल की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी धार्मिक श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ लंगर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर में शामिल होकर कड़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया। सेवादारों द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ लंगर की सेवा निभाई गई। इस अवसर पर दिलबर खैर पर, दर्शन मानकपुर शरीफ, काका मार्शल कुराली, अविनाश, बलविंदर



सिंह साधा, मास्टर हरनेक सिंह, पंपी लंगरी तथा तरसेम लांगरी सहित अन्य सेवादार भी उपस्थित रहे और लंगर की सेवा में अपना योगदान दिया। इस मौके पर दलविंदर सिंह बैनीपाल ने कहा कि माता जयंती देवी को समर्पित यह लंगर हर वर्ष श्रद्धा के साथ लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि बैनीपाल ग्रुप की ओर से हमेशा ही विभिन्न धार्मिक एवं कार सेवा से जुड़े सेवा कार्य किए जाते हैं। धार्मिक सेवा के साथ-साथ ग्रुप द्वारा समाज कल्याण के कार्यों में भी योगदान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से समाज में आपसी भाईचारा और सेवा भावना मजबूत होती है। बैनीपाल ग्रुप की ओर से आने वाले समय में भी धार्मिक एवं समाज सेवा के कार्य लगातार जारी रखे जाएंगे। इलाका निवासियों एवं संगतों ने बैनीपाल ग्रुप के इस धार्मिक एवं समाजसेवी प्रयास की सराहना की।

कैलाश धाम, नदी पार कुराली में 19 सितंबर को लगेगा 16वां विशाल रक्तदान कैंप

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): परम पूजनीय संत श्री स्वामी जी महाराज जी की याद को समर्पित 16वां विशाल रक्तदान कैंप 19 सितंबर 2026, दिन शनिवार को कैलाश धाम, नदी पार, कुराली में लगाया जा रहा है। कैंप को लेकर तैयारियां की जा रही हैं और क्षेत्र की संगत से इसमें बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की गई है। रक्तदान कैंप का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रखा गया है। इस मौके पर ब्लड बैंक पीजीआई, चंडीगढ़ की विशेष मेडिकल टीम पहुंचकर रक्तदान करवाएगी तथा रक्तदान करने वाले लोगों की जरूरी जांच भी की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक महान कार्य है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में काम आ सकता है। हादसे, बीमारी, ऑपरेशन या किसी एमरजेंसी के समय मरीजों को रक्त की जरूरत पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदानियों द्वारा दिया गया रक्त बहुत कीमती साबित होता है। स्वामी शिव स्वरूप आत्मा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.), कुराली की ओर से करवाए जा रहे इस 16वें



विशाल रक्तदान कैंप में शहर व आसपास के गांवों की संगत, नौजवानों, समाजसेवियों और क्षेत्र निवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है। आयोजकों ने कहा कि स्वस्थ और योग्य लोगों को इस नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी क्षेत्र निवासियों से अपील की कि 19 सितंबर को कैलाश धाम, नदी पार, कुराली में पहुंचकर रक्तदान करें और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

सहारा फाउंडेशन की ओर से 101 जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह 11 अक्टूबर को

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय सहारा फाउंडेशन की ओर से 101 जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह करवाने का



सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष एवं समाजसेवी दीपक शर्मा दीपू कुराली के नेतृत्व में यह सामूहिक विवाह समारोह 11 अक्टूबर 2026 को रयात बाहरा के सामने स्थित ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर संस्था की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए दीपक शर्मा दीपू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह को पूरे सम्मान, खुशी और गरिमापूर्ण माहौल में करवाना है। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि विवाह समारोह में शामिल होने वाली किसी भी बेटी को किसी प्रकार की कमी महसूस न हो तथा उनके विवाह को यादगार बनाया जा सके। इस अवसर पर दीपक शर्मा दीपू ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि हर वर्ष उनके परिवार का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा, "मैं बहुत खुश हूं कि हर साल मेरे परिवार की संख्या बढ़ रही है। इस बार 101 बहनों का मैं एक और भाई बनने जा रहा हूं। मेरे लिए यह बेहद खुशी और सौभाग्य की बात है कि मेरा परिवार हर वर्ष बढ़ रहा है। मैं सच्चे पातशाह वाहेगुरु के चरणों में अरदास करता हूं कि मेरी सभी बहनों को हमेशा खुश रखें और उनकी नई जिंदगी सुख, शांति एवं खुशहाली से भरी रहे।

अकाली दल वारिस पंजाब के जिला यूथ विंग की न्यू चंडीगढ़ में हुई बैठक

डेली आवाज भारती

न्यू चंडीगढ़, (संदीप अकालगढ़िया): अकाली दल वारिस पंजाब के जिला यूथ विंग की पार्टी गतिविधियों को लेकर न्यू चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला प्रधान हरजिंदर सिंह देसू माजरा ने संबोधित करते हुए कहा कि अब तक पंजाब में पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों की सरकारें बनती रही हैं, लेकिन किसी ने भी पंजाब के प्रमुख मुद्दों बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लूट-खसूट, पानी तथा मजदूरों से जुड़े मामलों को हल करने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि इन्हीं कारणों से आज पंजाब में नशे और गैंगवार का घातक माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने पंजाब के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए समूह युवाओं से भाई अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में एकजुट होने की अपील की। इस दौरान शिरोमणि कमेटी सदस्य निर्मल सिंह जौला, जिला नेता रमनजीत सिंह लिद्दड़, हलका खरड़ के नेता गुरमीत सिंह सांटू, साहिब सिंह बडाली, हरजिंदर सिंह मुंधों तथा मेजर सिंह संगतपुरा ने भी संबोधित किया।



उन्होंने हलका वासियों से युवाओं को नशे से बचाकर रोजगार से जोड़ने के लिए वारिस पंजाब का साथ देने की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रधान जगदीप सिंह जग्गी, गुरशरण सिंह खिजराबाद, जशनदीप सिंह संधू, जसपाल सिंह तीड़ा, जशनदीप सिंह सकरुल्लापुर, इंद्रां ढिल्लों, भिंदर सिंह सुंधड़ां, जगजीत सिंह जवाहरपुर, चन्ना दाओ माजरा, नवकिरण सिंह, नवप्रीत सिंह तीड़ा, जोनी तीड़ा, कमल देसू माजरा, जगदीप सिंह बडाला, मनिंदर सिंह दाओ माजरा, गैवी चहल, भूपिंदर सिंह कादीमाजरा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

page 4_Layout 1 10-09-2026 16:44 Page 1

पुलिस ने छापेमारी करके रेता से भरा ट्रैक्टर-ट्राला किया बरामद, दोषी मौके से फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर गांवप झंडा बगा के नजदीक बनी रेता की खदान से अवैध रुप से रेता भरे जाने की सूचना पर छापेमारी करके वहां से रेता से भरा हुआ ट्रैक्टर-ट्राला बरामद किया है, जबकि इस दौरान दोषी ड्राईवर वहां से फरार हो गया। उक्त मामलें में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ माईनिंग व चोरी की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के एएसआई अनवर मसीह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कमालगढ़ चौंक नजदीक बिजली घर पर सूचना मिली थी कि गांव झंडा बगा पुराने में रेता की खदान में एक ट्रैक्टर-ट्राला रेता से भरा दिखाई दिया है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके मौके से रेता से भरा हुआ ट्रैक्टर-ट्राला डब्बल टायरी बरामद किया है। जबकि दोषी ड्राईवर मौके से फरार हो गया। मामले की जांच कर रहे अनवर मसीह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जीरकपुर में दिव्यांग व्यक्ति से दिनदहाड़े स्नैचिंग, बाइक सवार दो युवक पर्स झपटकर फरार

डेली आवाज भारती

पर्स में करीब 5 हजार रुपये, मोबाइल, क्रेडिट कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र समेत जरूरी दस्तावेज थे; पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी और सामान बरामद करने की मांग



जीरकपुर, भार्गव गोयल। जीरकपुर में स्नैचिंग की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पालम एनक्लेव इलाके में दिनदहाड़े एक दिव्यांग व्यक्ति को बाइक सवार दो युवकों द्वारा निशाना बनाए जाने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि पीछे से बाइक पर आए दोनों युवक पीड़ित के हाथ से पर्स झपटकर तेज रफ्तार से फरार हो गए। वारदात के बाद इलाके में दहशत और लोगों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, पालम एनक्लेव निवासी सुरिंदर पाल अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित इंस्टीट्यूट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और मौका मिलते ही उनके हाथ में पकड़ा पर्स झपट लिया। अचानक हुई इस वारदात से पीड़ित कुछ समझ पाते, इससे पहले ही दोनों आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, पर्स में करीब 5 हजार रुपये की नकदी, मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। पर्स छिन जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ महत्वपूर्ण दस्तावेजों के दुरुपयोग की चिंता भी सता रही है। पीड़ित सुरिंदर पाल ने घटना की शिकायत पुलिस को देकर आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने तथा छीना गया सामान बरामद करवाने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद अभी तक उसे पुलिस की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नजर नहीं आई है। ऐसे में पीड़ित परिवार पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से पालम एनक्लेव और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि घटनास्थल और आसपास के रास्तों की कैमरा फुटेज की जांच की जाए तो बाइक सवार दोनों आरोपियों की पहचान करने में अहम सुराग मिल सकते हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जीरकपुर में पैदल चलने वाले लोगों को बाइक सवार झपटमारों द्वारा निशाना बनाए जाने की घटनाएं चिंता का विषय हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की जरूरत है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में सामने आ रही स्नैचिंग की घटनाओं ने एक बार फिर पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

व्यक्ति व उसके बेटे को 7 लोगों ने मारपीट करके किया जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने गांव गजनी वाला उर्फ दोना मतड़ में कुछ दिन पहले एक व्यक्ति व उसके बेटे को मारपीट करके जख्मी करने वाले 7 लोगों के खिलाफ घर में दाखिल होकर मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता फलक सिंह पुत्र फौजा सिंह वासी गजनी वाला उर्फ दोना मतड़ ने बताया कि कुछ दिन पहले वह अपने बेटे को जब मोटरसाईकिल घर के अंदर लगाने के लिए कह रहा था तो दोषी बिट्टू पुत्र रुप सिंह, मनप्रीत सिंह पुत्र रुप सिंह, बलजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, प्रीतम सिंह पुत्र मक्खन सिंह, नरिन्द्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, हरजिन्द्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, मनदीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी गजनी वाला उर्फ दोना मतड़ ने घर में दाखिल होकर पीड़ित व उसके बेटे के साथ मारपीट की एवं उन्हें जख्मी कर दिया था, जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों पर पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

12 सितंबर को सारागढ़ी युद्ध के शहीदों की याद में मनाया जाएगा राज्य स्तरीय समारोह



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): एतिहासिक गुरुद्वारा सारागढ़ी फिरोजपुर छावनी में 12 सितंबर 2026 को मनाए जाने वाले सारागढ़ी समारोह में शहीदों की याद में श्री अखंड पाठ रखवाया गया है। यह जानकारी डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा ने देते हुए कहा कि हर साल की तरह इस साल भी सारागढ़ी दिवस पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारागढ़ी युद्ध के शहीदों को समर्पित धार्मिक समारोह का आयोजन 12 सितंबर को किया जा रहा है, जिसमें भारतीय सेना के अधिकारियों, सिविल और पुलिस अधिकारियों, शहीदों के पारिवारिक सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सारागढ़ी के शहीदों को श्रद्धा के फूल भेंट करेंगे। उन्होंने बताया कि समरोह के लिए रखे गए श्री अखंड पाठ की आरंभता के अवसर पर तहसीलदार हरिंदरपाल सिंह द्वारा अरदास में हाजरी लगवाई गई। उन्होंने बताया कि आज से श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ हुआ है और 12 सितंबर को इसका भोग डाला जाएगा।

फैकल्टी और शोधकर्ताओं के लिए आईबीएम एसपीएसएस पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

डेली आवाज भारती



एस.बी.एस.एस.यू में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लेते हुए फैकल्टी सदस्य और शोधकर्ता।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी (एस.बी.एस.एस.यू), फिरोजपुर द्वारा विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों और शोधकर्ताओं के लिए आईबीएम एसपीएसएस स्टैटिस्टिकल सॉफ्टवेयर पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रतिभागियों की सांख्यकीय, विश्लेषणात्मक और शोध क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से एस.बी.एस.एस.यू के वाइस चांसलर प्रो.सुरेश शर्मा द्वारा संचालित की गई। इस कार्यशाला में लगभग 60 फैकल्टी सदस्यों और शोधकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सैशन के दौरान समकालीन सांख्यकी विज्ञान और डेटा-विश्लेषण तकनीकों के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई) और मशीन लर्निंग (एम.एल) की तकनीकें, रिग्रेशन तकनीकों के माध्यम से प्रेडिक्टिव मॉडलिंग, कोरिलेशन और रिग्रेशन विश्लेषण, और पैरामीट्रिक स्टैटिस्टिकल टेस्ट शामिल थे। कार्यशाला ने प्रतिभागियों को डेटा विश्लेषण, सांख्यकीय मॉडलिंग, पूर्व-अनुमान (प्रेडिकशन) और शोध परिणामों की व्याख्या के लिए आईपीएम एसपीएससएस के व्यावहारिक उपयोग का अनुभव प्रदान किया। अकादमिक शोध और तथ्य-आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया में आधुनिक सांख्यिकी और ए.आई एवं एमएल तकनीकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान वाइस चांसलर प्रो.सुरेश शर्मा के इस समर्पित प्रयास विश्वविद्यालय में अकादमिक उत्कृष्टता, शोध क्षमता निर्माण और कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रो.शर्मा बायोस्टैटिस्टिक्स के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक हैं और सांख्यकीय विश्लेषण, ए.आई/एमएलल स्टैटिस्टिकल मॉडलिंग और शोध विधि (रिसर्च मेथोडोलॉजी) में विशाल अनुभव रखते हैं। उन्होंने भारत और विदेश की 150 से अधिक विश्वविद्यालयों, संस्थानों और कॉलेजों में 600 से अधिक कार्यशालाएं करवाई हैं।

पुलिस ने 1 कार एव 80 बोतल अवैध शराब की बरामद, दोषी फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके कार एवं भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है, जबकि कार्रवाई के दौरान दोषी मौके से फरार हो गए। उक्त मामलें में पुलिस ने फरार हुए दोषियों पर अबाकारी अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई बलविन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि सुखा पुत्र बलवंत सिंह वासी गांव अलीके व कुकी पुत्र जीवन सिंह वासी गांव अलीके अवैध शराब लेकर स्वीफ्ट कार नंबर डीएल-1सीएल-6756 पर रखकर सीआरपीएफ मैदान फिरोजपुर के पास खड़े है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी की तो अंधेरा होने के कारण दोषी वहां से फरार हो गए और पुलिस ने मौके से कार को कब्जे में लेकर उसमें से 80 बोतलें अवैध शराब बरामद की है।

बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा से कथित बेअदबी पर जीरकपुर में भड़का आक्रोश

डेली आवाज भारती

सफाई कर्मचारी यूनियन ने थाना प्रभारी को सौंपा शिकायत पत्र, सीसीटीवी खंगालकर दोषियों की पहचान और कड़ी कार्रवाई की मांग



जीरकपुर, भार्गव गोयल। जीरकपुर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की हाल ही में स्थापित प्रतिमा के साथ कथित तौर पर बेअदबी किए जाने का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में रोष का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर कौंसिल एम्प्लॉईज़ सफाई कर्मचारी यूनियन (ऐटक), जीरकपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यूनियन के प्रधान प्रदीप कुमार सूद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने थाना जीरकपुर के एसएचओ को लिखित शिकायत सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। यूनियन का कहना है कि 9 सितंबर की रात प्रतिमा के साथ कथित तौर पर बेअदबी की घटना हुई, जिसकी जानकारी सामने आने के बाद यूनियन सदस्यों और स्थानीय लोगों में भारी रोष है। प्रधान प्रदीप कुमार सूद ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों के लिए सम्मान, समानता और अधिकारों के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा के साथ किसी भी प्रकार की कथित बेअदबी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बिना किसी दबाव के निष्पक्ष और जल्द जांच की जाए। यूनियन प्रतिनिधियों ने पुलिस से मांग की कि घटनास्थल और उसके आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाए, ताकि घटना के समय वहां मौजूद संदिग्ध लोगों की पहचान हो सके। इसके अलावा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ करने और घटनास्थल से उपलब्ध अन्य साक्ष्यों को भी जांच का हिस्सा बनाने की मांग की गई है। प्रदीप कुमार सूद ने कहा कि मामले में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से लोगों की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाएं आहत होने के साथ-साथ क्षेत्र का माहौल भी प्रभावित हो सकता है। इसलिए पुलिस को मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए वास्तविक दोषियों तक पहुंचना चाहिए। यूनियन प्रतिनिधियों ने लोगों से भी अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें और सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के कोई सामग्री साझा न करें। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बनाए रखना और बाबा साहेब के प्रति सम्मान की भावना को कायम रखना है। हालांकि, यूनियन ने पुलिस प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई और कथित घटना को अंजाम देने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो यूनियन तथा समाज के लोग लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने सी.आर.एम. प्रोजेक्ट के तहत गांव बालियां में ब्लॉक स्तरीय जागरूकता कैंप लगाया

कैंप के दौरान 100 से अधिक किसानों ने पराली प्रबंधन के विभिन्न तरीकों की जानकारी हासिल की : डॉ. मनदीप सिंह

डेली आवाज भारती



संगरूर। धान की पराली न जलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा गांव बालियां, ब्लॉक धूरी में ग्राम पंचायत के सहयोग से एक ब्लॉक स्तरीय किसान जागरूकता कैंप लगाया गया। इस कैंप में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मनदीप सिंह, इंचार्ज, पी.ए.यू. कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने किसानों को धान की पराली जलाने से पर्यावरण, मिट्टी की सेहत और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक टन धान की पराली जलाने से 5.5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2.3 किलोग्राम फास्फोरस, 25 किलोग्राम पोटाश और 1.2 किलोग्राम सल्फर तत्व का नुकसान होता है। इसके साथ ही पराली जलाने से पैदा होने वाली हानिकारक गैसें वातावरण को प्रदूषित करती हैं और मनुष्यों में कई बीमारियों का कारण बनती हैं। उन्होंने किसानों से पराली जलाने के बजाय इसे खेत में ही संभालने की तकनीकें अपनाने की पुरजोर अपील की। उन्होंने खेत में पराली संभालने से होने वाले लाभों और मिट्टी की सेहत में होने वाले सुधार के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान की पराली को खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, जिससे मिट्टी अधिक उपजाऊ बनती है, रासायनिक खादों का खर्च कम होता है और फसल की पैदावार बढ़ती है। इसके अलावा उन्होंने गेहूं की अधिक पैदावार देने वाली नई किस्म पी.बी.डब्ल्यू. 887 के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह किस्म पकने में 155 दिन लेती है और इसका औसत उत्पादन 24.60 क्विंटल प्रति एकड़ है। इसके अलावा उन्होंने अधिक पैदावार देने वाली किस्मों पी.बी.डब्ल्यू. 872 और पी.बी.डब्ल्यू. 826 के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने गेहूं की विशेष गुणवत्ता वाली किस्मों जैसे पी.बी.डब्ल्यू. जिंक 2, पी.बी.डब्ल्यू. 1 चपाती, पी.बी.डब्ल्यू. आर.एस. 1 और पी.बी.डब्ल्यू. 1 बिस्कुट आदि के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को रबी सीजन की दलहन और तिलहन फसलों की बुवाई के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने किसानों को पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सितंबर महीने में आयोजित किए जा रहे किसान मेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। डॉ. सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (फार्म मशीनरी) ने धान की पराली को खेत में संभालकर गेहूं की बुवाई करने के लिए पी.ए.यू. द्वारा विकसित कृषि मशीनरी जैसे स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैप्पी सीडर, पलटाव हल, मल्चर आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बेलर की मदद से पराली की गांठें बनाने के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने पराली में मौजूद पोषक तत्वों को देखते हुए इसे खेत में ही संभालने पर जोर दिया। डॉ. रुकिंदरप्रीत सिंह, सहायक प्रोफेसर (फसल विज्ञान) ने किसानों को पराली को खेत में मिलाकर बोई गई गेहूं की फसल में खरपतवार नियंत्रण और पोषक तत्वों की पूर्ति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने गेहूं में गुल्ली-डंडा खरपतवार की प्रभावी रोकथाम के लिए गेहूं के उगने से पहले इस्तेमाल किए जाने वाले खरपतवारनाशी का प्रयोग करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने गेहूं में तने की गुलाबी सुंडी की रोकथाम के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। कैंप के अंत में किसानों के सवालों के जवाब दिए गए। उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा तैयार सर्दी के मौसम की सब्जियों के बीजों की किटें और कृषि साहित्य भी उपलब्ध करवाया गया।

ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर जख्मी किया, पीड़िता के पति ने करवाया दूसरा विवाह

- **पुलिस शिकायतकर्ता के बयान पर पीड़िता के ससुराल पक्ष के 6 लोगों पर दर्ज किया मामला**

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने दहेज की मांग को लेकर विवाहिता का मारपीट करके जख्मी करने और उसके पति की तरफ से दूसरा विवाह करवाने के आरोप में पीड़िता के ससुराल पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता दलबीर कौर पत्नी सुखदेव सिंह पुत्री पाल सिंह वासी मरखाई थाना मल्लांवाला ने बताया कि उसके पति सुखदेव सिंह उर्फ गोरा, प्रकाश कौर, तरसेम सिंह पुत्र मुख्तैयार सिंह, कुलबीर कौर पत्नी हरमन पुत्री तरसेम सिंह वासी चक्क कंधेशाह, बलविन्द्रकौर पत्नी दविन्द्र सिंह वासी पिपली चक्क उर्फ चक्क मेघा विरान व प्रभजीत कौर पत्नी प्रताप सिंह वासी माछीके खेमकरन जिला तरनतारन आदि ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की थी और उसे घर से निकाल दिया था। इसके अलावा उसके पति ने उसे तलाक दिए बिना दूसरा विवाह कर लिया है। मामले की जांच कर रहे त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

बीएसएफ ने सर्च आप्रेशन के दौरान बरामद किए 4 जिंदा रौंद

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय के अंतर्गत पड़ते क्षेत्र से बीते दिन बीएसएफ की 50 बटालियन के जवानों ने सर्च आप्रेशन चलाकर 4 जिंदा रौंद बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ असलाह एक्टकी धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एच.सी गुरचरन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में इंस्पैक्टर राजेश्र कोक ई-कंपनी 50 बी.एस.एफ ने बताया कि उन्होंने बीते दिन अपने साथी कर्मचारियों के साथ सर्च आप्रेशन चलाकर अज्ञात व्यक्तियों की तरफ से रखे गए 4 जिंदा रौंद ईएएफ-311 गांव चक्क मादीके से बरामद किए है। मामले की जांच कर रहे गुरचरन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

अज्ञात व्यक्ति घर में से जैवरात एवं नगदी चोरी करके फरार हुए

- **पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात लोगों पर दर्ज किया चोरी का मामला**

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना कुलगड़ी की पुलिस ने बीते दिन गांव नाजू शाह मिश्री वाला से बीते दिन एक घर से नगदी व जैवरात चोरी करके ले जाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना कुलगड़ी के हवलदार लवदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुखजिन्द्र सिंह पुत्र जगतार सिंह वासी गांव नाजू शाह मिश्री वाला ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर उसके घर में दाखिल होकर अंदर पड़ी अलमारी में से करीब 9 तोला सोने के जावरात और 18 हजार रुपए की नगदी चोरी करके ले गए है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी तरफ से गांव के सरपंच गुरजंट सिंह के घर के पास बने छप्पड़ पर लगे कैमरों को जब चैक किया गया तो देखा कि बीती रात 12 बज कर 11 मिनट पर 8 अज्ञात व्यक्ति जिन्होंने हाथों में हथियार पकड़े हुए थे वह पहले सरपंच गुरजंट सिंह के घर में घूसे उसके पश्चात उनके घर में घूसे और उनके घर से उक्त जैवरात व नगदी चोरी करके ले गए है। मामलें की जांच कर रहे लवदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पुलिस ने 2 ग्राम हैरोइन के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर करनैल सिंह उर्फ करन पुत्र सर्बजीत सिंह वासी लक्खोके बहराम को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उनके कब्जे से तलाशी के दौरान 2 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे महिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में करनैल सिंह पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

दिशा समिति की बैठक में अमृतसर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा

सफाई, मिलावटी खाद्य पदार्थों, यातायात, अवैध अतिक्रमण और विकास परियोजनाओं पर विशेष जोर

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) ङ्क लोकसभा सदस्य एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष श्री गुरजीत सिंह औजला की अध्यक्षता में आज जिला प्रशासनिक परिसर में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान केंद्र एवं पंजाब सरकार की विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त श्री दलविंदरजीत सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती पल्लवी मिश्रा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त श्री जय इंदर सिंह, एस.डी.एम. अमृतसर श्री गुरमंदर सिंह, एस.डी.एम. लोपोके श्री मनमीत सिंह, डी.सी.पी. श्री जसकिरणजीत सिंह तेजा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा करने के साथ-साथ लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि श्री गुरु रामदास जी की पवित्र नगरी अमृतसर में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। इसलिए शहर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को घर-घर से कूड़ा एकत्र करने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने तथा शहर से



प्रतिदिन कूड़ा उठाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के विभिन्न हिस्सों में झुग्गी-झोपड़ियों की आड़ में किए गए अवैध अतिक्रमणों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोकसभा सदस्य ने मिलावटी दूध, पनीर, मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को विशेष जांच अभियान चलाने तथा सैंपलिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी कीमत पर मिलावटखोरी को बर्दाश्त न किया जाए। बैठक के दौरान यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। श्री औजला ने पुलिस अधिकारियों को यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने पी.डब्ल्यू.डी. एवं संबंधित विभागों को प्रमुख चौराहों एवं सड़कों पर आवश्यक दिशा-सूचक तथा चेतावनी बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। श्री औजला ने न्यू अमृतसर, वल्ला बाईपास पुल सहित शहर एवं जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को इन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को भी अपने अधीन चल रहे कार्यों में तेजी लाने तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में तुंग ढाब ड्रेन, कचरा प्रबंधन, अवैध अतिक्रमण, यातायात जाम, फतेहगढ़ चूड़ियां रोड, मजीठा रोड, लोहारका रोड, रिंग रोड, एलिवेटेड रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं तथा बाढ़ रोकथाम संबंधी प्रबंधों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

CMYK

page 5_Layout 1 10-09-2026 21:28 Page 1

एस.सी. आयोग के चेयरमैन किशोर मकवाना ने दिवंगत गुलजार सिंह के परिवार से गांव तूरवंजारा में की मुलाकात

चेयरमैन ने सिविल और पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

डेली आवाज भारती



संगरूर/दिड़बा। अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के चेयरमैन श्री किशोर मकवाना ने आज गांव तूरवंजारा, तहसील दिड़बा, संगरूर में दिवंगत गुलजार सिंह के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनके साथ दुख साझा किया। उन्होंने परिवार के सदस्यों की बात सुनी और आयोग की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके बाद श्री किशोर मकवाना ने प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मामले में अब तक हुई कार्रवाई और जांच की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि परिवार की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर विचाराधीन लाया गया है और उन्हें नियमों के अनुसार मिलने वाली सहायता उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभागों की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। श्री मकवाना ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की विभिन्न योजनाओं के तहत पीड़ित परिवार को जो भी संभव सहायता दी जा सकती है, वह उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से मामले को लेकर प्रशासन के साथ लगातार तालमेल बनाए रखा जाएगा। इस मौके पर स्पेशल डी.जी.पी. नरेश कुमार अरोड़ा, डी.आई.जी. पटियाला रेंज कुलदीप सिंह चहल, डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर और एस.एस.पी. डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल भी मौजूद रहे।

मामला व्यक्ति के साथ जमीनी के मामलें में जाली दस्तावेज तैयार करके धोखाधड़ी करने का..

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट की पुलिस ने गांव हबीब वाला निवासी व्यक्ति के साथ जमीन के मामलें में जाली दस्तावेज तैयार करके धोखाधड़ी करने वाले 2 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि उक्त मामलें में पीड़ित ने पुलिस के स्पैशल विंग में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिस पर जांच करने के बाद पुलिस ने दोषियों पर कार्रवाई की है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मंगा सिंह पुत्र बलवीर सिंह ने बताया कि दोषी जरनैल सिंह पुत्र शेर सिंह पुत्र नागर सिंह वासी गांव हबीब वाला व बुटा सिंह पुत्र बूड़ सिंह वासी रुहेला हाजी उताड़ ने जमीन के जाली दस्तावेज तैयार करके उसकी जमीन हड़प ली है, जिसके चलते दोषियों पर बनती कार्रवाई की जाए। मामलें की जांच कर रहे गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में जरनैल सिंह व बुटा सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

आयुष विभाग द्वारा पहला आयुष मेडिकल कैंप तलवंडी भाई में आयोजित



आयुष विभाग की तरफ से आयोजित पहले आयुष मेडिकल चैकअप कैंप में मरीजों की जांच करते हुए डाक्टर।

- 531 मरीजों की जांच कर किए गए फ्री शुगर टेस्ट और बांटी गई मुफ्त दवाईयां

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के निर्देशानुसार, निर्देशक आयुर्वेद पंजाब डा.रमन खन्ना, निर्देशक होम्योपैथी पंजाब डा. हरजिंदर पाल सिंह जिला आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल और जिला होम्योपैथी अधिकारी डा.रूपिंदर कौर के योग्य नेतृत्व में पहला आयुष कैंप तलवंडी भाई में लगाया गया। इस कैंप के दौरान आयुर्वेदिक विभाग की ओर से डा. जसकंवरप्रीत कौर, डा.सुमित मोंगा और रमनदीप सिंह, रघु राजा, श्रीमती किंदर कौर उपवैद्य, मनीष कुमार (अटेंडेंट) और होम्योपैथी विभाग की ओर से डा.सतनाम सिंह गिल, बलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह डिस्पेंसर ने ड्यूटी निभाई। इस कैंप में 531 मरीजों की जांच की गई और फ्री शुगर टेस्ट करके मुफ्त दवाएं बांटी गई।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 6 ग्राम हैरोइन के साथ 2 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव मोहर सिंह वाला के नजदीक से शक के अधार पर काशदीप सिंह उर्फ माईकल पुत्र गुरप्रीत सिंह वासी कस्सोआना को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि एक अन्य मामलें में थाना मक्खू के इंस्पैक्टर जतिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर लवप्रीत सिंह उर्फ लव पुत्र बुटा सिंह वासी शीहापाड़ी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

पुलिस ने जेल अधिकारी के बयान पर 2 हवालातियों पर दर्ज किया मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में बीते दिन जेल अधिकारियों व कर्मचारियों ने जेल में चलाए तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद हवालातियों से 2 मोबाइल फोन बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सुपरिटेंडेंट के बयान पर जेल में बंद 2 हवालातियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एस.आई सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सुपरिटेंडेंट ने बताया कि उन्होंने बीते दिन जेल में चलाई तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद हवालाती खुशकरन सिंह उर्फ करन पुत्र अश्वनी कुमार वासी गांव न्यू सतीऐ वाला और हवालाती गुरप्रीत सिंह पुत्र अजैब सिंह वासी फलैट नंबर-14 रुझ विज होमज राम बाग कालोनी खरड़ (मोहाली) से तलाशी के दौरान 2 मोबाइल फोन बरामद किए है। मामले की जांच कर रहे सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

डॉ. बलजीत कौर के नेतृत्व में 'स्माइल योजना' बनी भिक्षावृत्ति से सम्मानजनक जीवन की ओर नई उम्मीद

- अमृतसर में 422 और पटियाला में 168 भिक्षावृत्ति में शामिल व्यक्तियों की पहचान; पुनर्वास के लिए तेजी से चल रही कार्रवाई

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़,राहुल गोयल। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार समाज के सबसे अधिक जरूरतमंद और हाशिए पर रह रहे लोगों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी प्रतिबद्धता के तहत कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'स्माइल योजना' के अंतर्गत अमृतसर, पटियाला, लुधियाना और जालंधर में बेघर और भिक्षावृत्ति में शामिल व्यक्तियों के बचाव, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंधी जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अमृतसर में मार्च 2026 से चल रहे सर्वेक्षण के दौरान अब तक 422 भिक्षावृत्ति में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जा चुकी है। इनमें से 32 व्यक्तियों का सफल पुनर्वास किया गया है, जिनमें 8 व्यक्तियों को उनके परिवारों के साथ पुनः जोड़ा गया, 2 बुजुर्गों को पेंशन का लाभ दिलाया गया, 4 व्यक्तियों के आधार कार्ड बनवाए गए, 1 व्यक्ति को आशीर्वाद योजना का लाभ दिलाया गया, 4 व्यक्तियों को वृद्धाश्रम भेजा गया और 13 व्यक्तियों को रोजगार अथवा व्यवसाय से जोड़ा गया। इसके अलावा 54 व्यक्तियों की काउंसलिंग भी की गई है। उन्होंने बताया कि पटियाला में भी 168 व्यक्तियों की पहचान करके उनके पुनर्वास के लिए कार्रवाई जारी है, जबकि सितंबर के दूसरे सप्ताह के दौरान लुधियाना और जालंधर में भी सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि स्माइल योजना का उद्देश्य केवल भिक्षावृत्ति से मुक्ति दिलाना नहीं, बल्कि प्रत्येक जरूरतमंद को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति में शामिल व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, काउंसलिंग, कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया जा रहा है।

'हर बूथ कांग्रेस मजबूत' अभियान के तहत भड़ौजियां में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक

नशे और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा; गुलजार सिंह की मौत व मोहनजीत सिंह के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग: जीती पड़ियाला

डेली आवाज भारती



माजरी, (संदीप अकालगढ़िया): हर बूथ कांग्रेस मजबूत अभियान के तहत गांव भड़ौजियां में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माजरी के अध्यक्ष नंबरदार सतविंदर सिंह की अगुवाई में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली के अध्यक्ष रणजीत सिंह जीती पड़ियाला विशेष रूप से पहुंचे। बैठक को संबोधित करते हुए रणजीत सिंह जीती पड़ियाला ने कहा कि पंजाब में नशे और कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार द्वारा किए जा रहे दावों तथा जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है उन्होंने कहा कि तूर बंजारा के गुलजार सिंह की मौत का मामला तथा शेरों के मोहनजीत सिंह द्वारा पुलिस हिरासत के दौरान कथित मारपीट के लगाए गए आरोप बेहद गंभीर मामले हैं इन मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। जीती पड़ियाला ने कहा कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले किसी व्यक्ति की मौत हो या नशे के विरोध में आवाज उठाने वाले किसी नौजवान द्वारा पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए जाएं, दोनों मामले सरकार के लिए गंभीर चिंता का विषय होने चाहिए उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ कानून से बाहर जाकर धक्केशाही हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच करवाकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने सत्ता में आने से पहले नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज भी पंजाब के गांवों और शहरों में नौजवानों के परिवार नशे की समस्या को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि केवल नशामुक्त पंजाब के नारे लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि नशे की सप्लाई लाइन तोड़ने और नौजवानों को इंसाफ व सुरक्षा देने से ही सरकार की असल कारगुजारी साबित होगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माजरी के अध्यक्ष नंबरदार सतविंदर सिंह ने कहा कि गांवों के लोग कांग्रेस की नीतियों और लोक-पक्षीय सोच के साथ जुड़े हुए हैं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बूथ स्तर पर कांग्रेस को और मजबूत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी तनदेही से काम करेंगे। बैठक में केवल सिंह, नेतर सिंह, पंच काका सिंह, ताजवीर सिंह, मनजीत सिंह, बलजीत सिंह, सतविंदर सिंह सत्ती और स्वर्णजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंजाब के मौजूदा हालात पर भाजपा का महामंथन, सरकार की कार्यप्रणाली से लेकर जनहित के मुद्दों तक बनी रणनीति

डेली आवाज भारती



जीरकपुर, भार्गव गोयल। पंजाब के मौजूदा राजनीतिक, सामाजिक और जनहित से जुड़े हालात को लेकर भाजपा ने अपनी गतिविधियों को तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों, आम जनता से जुड़े मुद्दों, प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली तथा आने वाले दिनों में पार्टी की राजनीतिक एवं संगठनात्मक रणनीति को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक के दौरान भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए और कहा कि विपक्ष के रूप में जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना भाजपा की जिम्मेदारी है। नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जनहित से जुड़े मुद्दों को केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रखने के बजाय उन्हें प्रभावी ढंग से जनता और संबंधित प्रशासन के सामने उठाया जाना चाहिए। बैठक में गुलज़ार सिंह आत्महत्या प्रकरण को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। भाजपा नेताओं ने मामले को संवेदनशील बताते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नेताओं ने कहा कि किसी भी गंभीर घटना में तथ्यों को सामने लाना और निष्पक्ष जांच के माध्यम से वास्तविक स्थिति स्पष्ट करना बेहद जरूरी है। इसी प्रकार मोहंजीत सिंह के साथ कथित प्रताड़ना के मामले को लेकर भी नेताओं ने विचार-विमर्श किया। भाजपा नेताओं ने मामले में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच तथा संबंधित पक्ष को न्याय मिलने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी कहा गया कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से वास्तविक तथ्यों को सामने लाया जाना चाहिए। किसानों, युवाओं, व्यापारियों और कर्मचारियों के मुद्दे प्राथमिकता में बैठक में पंजाब के किसानों, युवाओं, व्यापारियों, कर्मचारियों और आम परिवारों से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश के आम नागरिकों की समस्याओं और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को पार्टी आने वाले समय में और मजबूती से उठाएगी। नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को जनता के बीच अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

मामला कई लोगों के काम करवाने के नाम पर उनसे ठगी किए जाने का

- पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर दो लोगों पर दर्ज किया धोखाधड़ी करने का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने कई लोगों के काम करवाने के नाम पर उनके साथ लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि उक्त मामलें में पुलिस ने पीड़ित की तरफ से दी गई शिकायत पर जांच करने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एस.आई खुशविन्द्र कौर ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी गांव जामा रखईया उताड़, राज सिंह पुत्र गुरदीप सिंह वासी जामा रखईयां उताड़ ने बताया कि दोषी जरनैल सिंह गाबड़ीया पुत्र धर्म सिंह वासी सूरज ऐवेन्यू बैक साईड बाबा राम लाल गुरु घर फिरोजपुर शहर और उसके साथी बिट्टू वासी गली पापड़ वड़ीयां वाली फिरोजपुर ने पीड़ितों के अलावा हरजिन्द्र सिंह पुत्र धर्म सिंह वासी बेदी कालोनी फिरोजपुर, लखविन्द्र सिंह पुत्र बहाल सिंह वासी वाहगे वाला, रणधीर सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह वासी शमशाबाद व अन्य कई भोले-भाले लोगों से विभिन्न काम करवाने संबंधी झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की है।

हरियाणा में नवंबर में होगा संविधान पखवाड़ा

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करके आगामी संविधान पखवाड़े के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की। संविधान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

संविधान पखवाड़ा नवंबर के प्रथम सप्ताह से शुरू होकर 26 नवंबर, संविधान दिवस तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश में संविधान की भावना, नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों, लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा संवैधानिक मूल्यों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुलाकात के दौरान संविधान पखवाड़े के कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने तथा इनमें युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया

सेवा संकल्प अभियान में युवाओं और विश्वविद्यालयों की होगी सक्रिय भूमिका : अर्चना गुप्ता

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने हरियाणा व पंजाब के राज्यपालों से की भेंट

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने गुरुवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष तथा पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से भेंट की। इस दौरान उन्होंने सेवा संकल्प अभियान, युवाओं की सक्रिय सहभागिता, विश्वविद्यालयों को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से भेंट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। विशेष रूप से प्रदेश के युवाओं की अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सेवा और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने के विषय पर चर्चा की गई। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने के केंद्र नहीं हैं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला भी हैं। युवाओं में सेवा भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से युवाओं को जनसेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से भेंट के दौरान डॉ. अर्चना गुप्ता ने सामाजिक सरोकारों, जनसेवा तथा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कटारिया के लंबे सार्वजनिक जीवन के अनुभवों को भी सुना तथा विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ.अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रो. असीम कुमार घोष और गुलाब चंद कटारिया जैसे अनुभवी एवं वरिष्ठ जनसेवकों से संवाद सदैव नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उनका सार्वजनिक जीवन, व्यापक अनुभव तथा समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायी है।

संगरूर में 12 और 13 सितंबर को होगी 'अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस स्टेट लीग (रोड)-2026'; पंजाब की महिला साइकिलिस्ट दिखाएंगी अपनी प्रतिभा: चरणजीत सिंह धालीवाल

- 12 सितंबर को इंडिविजुअल टाइम ट्रायल और 13 सितंबर को रोड रेस (मास स्टार्ट) के होंगे मुकाबले
- जूनियर गर्ल्स और विमेंस एलीट वर्ग की साइकिलिस्ट लेंगी हिस्सा; विजेताओं को दी जाएगी नकद पुरस्कार राशि

डेली आवाज भारती

संगरूर साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ पंजाब (सी.ए.पी.) की ओर से महिलाओं को खेलों, विशेष रूप से साइकिलिंग से अधिक से अधिक जोड़ने तथा प्रदेश की प्रतिभाशाली महिला साइकिलिस्टों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 'अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस स्टेट लीग (रोड)-2026' का आयोजन 12 और 13 सितंबर 2026 को जिला संगरूर में किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ पंजाब के अध्यक्ष स. चरणजीत सिंह धालीवाल और महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि लीग के मुकाबले गांव गग्गड़पुर से घराचों, जिला संगरूर के रूट पर करवाए जाएंगे। दोनों दिन खिलाड़ियों के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह 5:30 बजे रहेगा, जबकि मुकाबले सुबह 6:00 बजे शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन स. ओंकार सिंह और सेक्रेटरी जनरल स. मनिंदरपाल सिंह द्वारा पंजाब में साइकिलिंग को प्रोत्साहित करने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके लिए साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ पंजाब उनका आभारी है। स. चरणजीत सिंह धालीवाल ने कहा कि खेलो इंडिया जैसे प्रयासों ने देश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ युवा



खिलाड़ियों, विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की बेटियों ने साइकिलिंग सहित विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और इस प्रकार के मुकाबले उभरती हुई खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने का महत्वपूर्ण मंच हैं। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ पंजाब का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं आयोजित करना ही नहीं, बल्कि पंजाब के गांवों और शहरों से प्रतिभाशाली साइकिलिस्टों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित प्रतिस्पर्धात्मक माहौल उपलब्ध करवाना भी है। उन्होंने कहा कि खेलों में महिला खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी पंजाब के खेल भविष्य के लिए बेहद उत्साहजनक संकेत है। इस अवसर पर महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों ने लीग के तकनीकी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 12 सितंबर को इंडिविजुअल टाइम ट्रायल (आई.टी.टी.) के मुकाबले होंगे। इसमें जूनियर गर्ल्स वर्ग के लिए 10 किलोमीटर तथा विमेंस एलीट वर्ग के लिए 20 किलोमीटर की दूरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को रोड रेस (मास स्टार्ट) करवाई जाएगी, जिसमें जूनियर गर्ल्स वर्ग की खिलाड़ी 20 किलोमीटर, जबकि विमेंस एलीट वर्ग की खिलाड़ी 30 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। स. काहलों ने कहा कि साइकिलिंग एक ऐसी खेल विधा है, जिसमें शारीरिक क्षमता के साथ-साथ अनुशासन, सहनशक्ति, तकनीकी दक्षता, मानसिक मजबूती और निरंतर अभ्यास का विशेष महत्व है। एसोसिएशन का प्रयास है कि पंजाब की प्रतिभाशाली लड़कियों को अधिक से अधिक प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 10-09-2026 18:04 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का



शूटिंग के दौरान प्रेग्नेंट थीं परिणीति चोपड़ा

ट्रेलर लॉन्च पर किया खुलासा बोलीं भगवान का शुक्र है

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की वेब सीरीज %शक- ट्रस्ट नो वन% के मेकर्स ने गुरुवार को ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह एक ऐसी मां की कहानी है जो पिछले नौ सालों से अपने लापता बच्चे को ढूंढ रही है। यह सीरीज भरोसा, शक और धोखे जैसे मुद्दों को दिखाती है, जब परिणीति चोपड़ा की तलाश एक अनोखा मोड़ ले लेती है। ट्रेलर में एक मां को अपने लापता बच्चे की लगातार तलाश करते हुए दिखाया गया है। वह अपने अंदर की आवाज और पक्के विश्वास से प्रेरित होकर विश्वास जताती है कि उसका बच्चा अभी भी जिंदा है। नौ साल की लंबी तलाश एक ऐसे सच को सामने लाने की कोशिश में बदल जाती है जो साफ नजर आता है, साथ ही उसे एक डरावने सवाल का सामना करने के लिए मजबूर करती है, %क्या वह अपने सबसे करीबी लोगों पर भरोसा कर सकती है?% ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने बताया कि वह और उनके पति राघव चड्ढा इस बात के लिए शुक्रगुजार है कि सीरीज पर काम करने के दौरान वह प्रेग्नेंट थीं। उन्होंने कहा, ÷राघव और मैं हमेशा इस बारे में मजाक करते हैं कि भगवान का शुक्र है कि मैं इस प्रोजेक्ट में इन मेकर्स के साथ प्रेग्नेंट थी, किसी और फिल्म में किसी और मेकर के साथ नहीं क्योंकि हमें प्रेग्नेंसी के बारे में पहले से पता नहीं था। हमें शूट शुरू होने के बाद ही पता चला और फिर प्रोफेशनलिज्म का दबाव भी आता है। आप नहीं चाहते कि आपके प्रोजेक्ट पर कोई असर पड़े और मेकर्स ने मेरे आराम और सेहत का पूरा ख्याल रखा था और मेरे सीक्वेंस में जरूरी बदलाव भी किए थे। अभिनेत्री ने शूटिंग के दिनों को याद करते हुए बताया, हम सीरीज की शूटिंग के लिए पहले से शिमला के चैल में थे और मेकर्स को मुझे ये खबर देनी थी और मैंने उन्हें बताया, तो उन्होंने मुझसे कहा कि तुम किसी भी बात की चिंता मत करो हम संभाल लेंगे और उन्होंने सच में मेरा एक बच्ची की तरह ख्याल रखा था। मैंने देखा कि पूरी टीम क्रिएटिव तौर पर और भी एक्टिव हो गई। उन्होंने मेरे आराम के लिए एक्शन सीक्वेंस में बदलाव किए, बिना क्रिएटिविटी को खराब किए। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि वे खुद खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्हें इतने अच्छे प्रोड्यूसर मिले हैं। अभिनेत्री ने कहा, ÷एक प्रोड्यूसर के तौर पर, यहीं पर आप किस्मत वाले होते हैं। हम शिमला और चैल में बंगलों और अजीबोगरीब लोकेशन्स पर शूट कर रहे थे और हमारी लोकेशन्स बहुत दूर थीं, तो हमारी प्रोड्यूसर ने मेरे लिए सेट पर ही रहने का इंतजाम करवाया था। उन्होंने ऐसा इंतजाम किया कि मुझे हर दिन उन घुमावदार पहाड़ी रास्तों पर ज्यादा सफर न करना पड़े, जो आने-जाने में एक घंटे का सफर था। उन्होंने मेरे सेट पर रहने का इंतजाम किया ताकि मैं बस आकर शूट कर सकूं और आराम कर सकूं। अभिनेत्री ने आगे परिवार की तरफ से मिले सपोर्ट पर बात की। उन्होंने कहा, ÷राघव के साथ उनकी मां, मेरी मम्मी और भाई मुझसे मिलने के लिए आए थे। यह एक यादगार अनुभव बन गया। राघव तो राघव हैं, वो भागकर शिमला आए और मेरे साथ रहने लगे।

अभिनेत्री ने आगे कहा, ऐसा लग रहा था कि जैसे, %क्या ये पूरा परिवार शूट पर आ गया है?% लेकिन एक के बाद एक कोई न कोई हमेशा मेरे साथ था।

यह प्रोजेक्ट परिणीति चोपड़ा का ओटीटी और वेब सीरीज की दुनिया में डेब्यू है। परिणीति इसमें एक ऐसी मां के रोल में हैं, जो अपने खोए हुए बच्चे को ढूंढ रही है। इस सीरीज में सोनी राजदान, अनूप सोनी, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, ध्रुव चौधरी और सुमीत व्यास भी नजर आएंगे।



यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' का टीजर लॉन्च

हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का

अभिनेत्री यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'नई नवेली' के मेकर्स ने गुरुवार को फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया। यह फिल्म डर के साथ-साथ कॉमेडी, फैंटेसी और पारिवारिक भावनाओं का एक अनोखा मिश्रण होगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ÷देवियों और सज्जनों, मोहिनी की तरफ से एक लिटिल रिक्वेस्ट।

फिल्म 'नई नवेली' का टीजर रिलीज। 1 मिनट 31 सेकंड के टीजर में एक आम घरेलू माहौल के बीच अजीब और हास्यप्रद स्थितियां देखने को मिलती हैं। टीजर की शुरुआत एक सामान्य परिवार से होती है, जहां घर में आई नई नवेली दुल्हन (यामी गौतम) सबका दिल जीतती है तभी देवर को शक होता है और वह गंभीर आरोप लगाता है कि भाभी डायन है। इसके बाद टीजर जैसे आगे बढ़ता है अभिनेत्री यामी गौतम की झलक देखने को मिलती है, जिसमें वे कहती हैं, ÷दो डायन, तीन पिशाच और चार भूत को मैं सुबह नाश्ते में खा जाती हूं।

बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी फिल्म %नई नवेली% को आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा (कलर येलो प्रोडक्शन और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज) मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की पटकथा हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार जी. वी. प्रकाश कुमार ने तैयार किया है।

फिल्म की कहानी एक ऐसी दुल्हन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो देखने में बिल्कुल आदर्श लगती है। वह मेरठ के एक ऐसे परिवार में पहुंचती है, जहां पहले से ही काफी उथल-पुथल है। अपनी समझदारी और प्यार से वह इस बिखरे हुए परिवार को खुशहाल बनाने की कोशिश करती है। देखते ही देखते जिस घर में परेशानियां थीं, वहां खुशियां आने लगती हैं।

इसी बीच उसके देवर को अपनी भाभी पर शक होने लगता है। उसे लगता है कि इतनी अच्छी और परफेक्ट भाभी के पीछे कोई राज जरूर है और कहीं वह वास्तव में डायन तो नहीं। यही शक फिल्म की कहानी को हास्य और रोमांच से जोड़ता है।

फिल्म में यामी गौतम धर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म इसी साल दशहरे के मौके पर 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बाहुबली' यूनिवर्स को ग्लोबल ले जाने की तैयारी, आर्का मीडिया वर्क्स ने ड्रीम थिएटर को बनाया पार्टनर

'बाहुबली' फ्रैंचाइज़ी और आने वाली एनिमेटेड फिल्म्स 'बाहुबली- द इटर्नल वॉर - पार्ट 1' और 'पार्ट 2' के लिए अर्का मीडिया वर्क्स और ड्रीम थिएटर प्राइवेट लिमिटेड ने आज कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स और ब्रांड पार्टनरशिप्स प्रोग्राम को कवर करने के खातिर हाथ मिलाने का एलान किया है। इस एग्रीमेंट के मुताबिक, ड्रीम थिएटर को इंडिया के लिए एक्सक्लूसिव लाइसेंसिंग और मर्चेंडाइज़िंग पार्टनर, और इंटरनेशनल लाइसेंसिंग, स्पॉन्सरशिप्स, ब्रांड एसोसिएशंस,



प्रोमोशनल टाई-अप्स, और को-ब्रांडेड इनिशिएटिव्स के लिए एक स्ट्रैटेजिक पार्टनर के तौर पर अपॉइंट किया गया है। यह साझेदारी 'बाहुबली' की स्थापित फ्रैंचाइज़ी और एंटरटेनमेंट एंड लाइफस्टाइल कैटेगरीज़ में लाइसेंसिंग और कंज़्यूमर प्रोडक्ट प्रोग्राम्स बनाने में ड्रीम थिएटर के अनुभव को एक साथ लाती है। 'बाहुबली' फिल्म्स ने मिलकर दुनिया भर में 2,400 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की है, इस तरह से द्वह्यद्मद्व ऑडियंस देश ही नहीं बल्कि विदेशी मार्केट्स में भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं। ऐसे में अब यह फ्रैंचाइज़ी 'बाहुबली- द इटर्नल वॉर' के साथ एनिमेशन में एक्सपैंड हो रही है। यह अर्का मीडिया वर्क्स द्वारा प्रोड्यूस्ड और ईशान शुक्ला द्वारा डायरेक्टेड एक टू-पार्ट CGI एनिमेटेड एपिक है।

'काला हिरण' की रिलीज पर सलमान खान ने की रोक की मांग, मेकर्स बोले-फिल्म रिलीज के लिए तैयार ही नहीं

फिल्म 'काला हिरण द बैटल फॉर लिगेसी' को लेकर सलमान खान और इसके मेकर्स के बीच कानूनी लड़ाई चल रही है। सलमान खान ने इस फिल्म की रिलीज और प्रमोशन पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। सलमान का कहना है कि फिल्म में उनके जीवन, उनकी पहचान और 1998 के काले हिरण मामले से जुड़ी चीजों का इस्तेमाल किया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान फिल्म के मेकर्स ने कोर्ट को बताया है कि फिल्म अभी रिलीज के लिए तैयार ही नहीं है। फिल्म प्रोड्यूसर अमित जानी की तरफ से पेश वकील ने कोर्ट में कहा कि फिल्म को अभी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड यानी सेंसर बोर्ड के पास प्रमाणन के लिए भेजा जाना बाकी है। फिल्म की सामग्री को अभी तक सेंसर बोर्ड से प्रमाणित नहीं किया गया है। इस दलील के बाद कोर्ट ने फिल्म निर्माता को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी। सलमान खान की तरफ से मामला थोड़ा अलग तरीके से देखा जा रहा है। उनके वकील ने कोर्ट में कहा कि सिर्फ थिएटर में रिलीज की बात नहीं है। फिल्म को बाद में किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी



रिलीज किया जा सकता है और इसके लिए सेंसर बोर्ड के प्रमाणन की आवश्यकता नहीं होती। इसके बाद अदालत ने अपने आदेश में ओटीटी रिलीज को भी शामिल किया है।

दरअसल, पूरा विवाद फिल्म का पोस्टर और टीजर सामने आने के बाद शुरू हुआ। सलमान की तरफ से आरोप लगाया गया कि फिल्म में एक ऐसा किरदार दिखाया गया है, जो काफी हद तक उनसे मिलता-जुलता है। उस किरदार के हाथ में सलमान खान जैसा मशहूर ब्रेसलेट भी नजर आया। सलमान का कहना है कि यह सब उनकी पहचान से जोड़कर दिखाया जा रहा है और उनकी अनुमति के बिना फिल्म में उनकी पर्सनैलिटी का इस्तेमाल किया गया है।

फिल्म के टीजर में 1998 के काले हिरण शिकार मामले से जुड़े संदर्भ भी दिखाए गए हैं। यह वही मामला है जिससे सलमान खान का नाम लंबे समय से जुड़ा रहा है। सलमान की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि फिल्म में उनके जीवन से जुड़े विवाद को कहानी का हिस्सा बनाया गया है और इसका इस्तेमाल फिल्म के प्रचार के लिए भी किया जा रहा है। उनका कहना है कि इससे उनकी छवि को नुकसान पहुंच सकता है और उनकी पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है। वहीं, फिल्म के डायरेक्टर भरत एस. श्रीनेत का कहना है कि यह फिल्म सलमान खान पर नहीं है। फिल्म का किरदार काल्पनिक है और उसका नाम 'अयान खान' रखा गया है। डायरेक्टर ने ब्रेसलेट को लेकर भी कहा था कि ऐसा ब्रेसलेट सिर्फ सलमान खान ही नहीं पहनते। वहीं अभिनेता को सलमान जैसा दिखाने के लिए किसी तरह का प्रोस्थेटिक मेकअप नहीं किया गया है। इस विवाद के बीच दिल्ली हाईकोर्ट में पहले भी कई बार सुनवाई हो चुकी है।

फिर देर हो गई... अमिताभ बच्चन ने मजाकिया अंदाज में मांगी माफी, ब्लॉग में बताई वजह

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने देर से आने के लिए मजाकिया अंदाज में माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि जल्दी निकलने की योजना बनाने के बावजूद, किसी न किसी वजह से उन्हें देर हो ही जाती है। दिग्गज अभिनेता ने देर रात अपने ब्लॉग पर लिखकर कहा कि लोगों को लग सकता है कि वह देर से आने के लिए हमेशा बहाने बनाते हैं

लेकिन उन्होंने कहा कि जिस दिन वह जल्दी निकलने की योजना बनाते हैं, अक्सर उसी दिन उन्हें देर हो जाती है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'फिर देर हो गई; अरे यार, यह तो बहुत हो गया। सब सोचेंगे बहाना बनाता रहता है प्रतिदिन। लेकिन सच्चाई ये है कि जिस दिन सोचता हूं कि छूट जाएंगे जल्दी, उसी दिन देर हो जाती है। तो क्षमा प्रार्थी हूं।' इसके बाद उन्होंने हंसी को सबसे अच्छी दवा बताया। उन्होंने कहा, 'हंसी सबसे अच्छी दवा है, और मुश्किल समय में भी... जब आप मुश्किल पर हंसते हैं, तो 'मुश्किल' को लगता है कि वह आपको परेशान करने में नाकाम रही है... इसलिए हंसिए... 'मुश्किल' खुद परेशान हो जाएगी...है ना बढ़िया... ठीक है, बहुत हो गई अपनी तारीफ... कल एक नया दिन होगा।' इसके साथ ही अभिनेता ने अपने टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। बता दे कि 'कौन बनेगा करोड़पति' असल ब्रिटिश फॉर्मेट 'हू वॉन्ट्स टू बी अ मिलियनेयर?' का आधिकारिक हिंदी वर्शन है। कंटेस्टेंट से मल्टीपल-चॉइस सवाल पूछे जाते हैं और उन्हें चार संभावित विकल्पों में से सही जवाब चुनना होता है। साथ ही, अगर वे पक्का नहीं होते हैं तो वे लाइफलाइन का इस्तेमाल कर सकते हैं। मेगास्टार अमिताभ बच्चन की बात करें तो, वह हाल ही में वेट्टैयन और कल्कि 2898 एडी में नजर आए थे। खबरों की मानें तो फिलहाल वो कल्कि 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं।

दीया मिर्जा ने परिवार संग बिताए सुकून के पल, बोलीं-बाहर जाओ, सब रीसेट हो जाता है

एक्ट्रेस और पर्यावरण के लिए काम करने वाली दीया मिर्जा ने हाल ही में अपने परिवार के साथ सुकून भरे पल बिताए। एक्ट्रेस ने पति वैभव रेखी और बेटे अव्यान के साथ आउटडोर टाइम की कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। इन तस्वीरों में दीया अपने परिवार के साथ प्रकृति के बीच समय बिताती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सनसेट से लेकर परिवार के साथ बिताए हल्के-फुल्के पलों तक की झलक देखने को मिली। दीया ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की और बताया कि वह ऐसे समय में प्रकृति के करीब गईं, जब उनका हफ्ता काफी मुश्किल चल रहा था। उन्होंने लिखा, जब ऐसा लग रहा था कि सब कुछ एक साथ बिखर रहा है, उस हफ्ते प्रकृति के बीच सुकून तलाशा। क्या लाइफ सेवर रहा। बाहर जाओ। सब रीसेट हो जाता है। इसके साथ ही दीया ने लोगों को रोजमर्रा की भागदौड़ और लगातार चीजें खरीदने-इकट्ठा करने की आदत से कुछ समय दूर रहने की सलाह भी दी। उन्होंने लिखा, मैं ऐसे समय और मौके का पूरा फायदा उठा रही हूं, जहां लगातार



चलती इस दौड़ से खुद को थोड़ा अलग किया जा सके। कुछ पल रुकना जरूरी है तस्वीरों में दीया और वैभव अपने बेटे अव्यान के साथ पार्क में बैठे नजर आ रहे हैं और पिकनिक का मजा ले रहे हैं। एक तस्वीर में दोनों अपने बेटे के साथ पोज देते दिखे, जबकि बाकी तस्वीरों में परिवार के साथ बिताए कुछ प्यारे और मस्ती भरे पल कैद हैं। दीया मिर्जा ने 15 फरवरी 2021 को मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर पर एक निजी समारोह में वैभव रेखी से शादी की थी। दोनों का एक बेटा है, जिसका नाम अव्यान है। वैभव की पहली शादी से उनकी एक बेटी समायरा भी है। काम की बात करें तो दीया मिर्जा हाल ही में 'ऑपरेशन सफेद सागर- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ द कारगिल वॉर' में नजर आई थीं। इस सीरीज में उन्होंने कमलप्रीत धनौआ का किरदार निभाया था। यह सीरीज 7 अगस्त 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।

CMYK

page 7_Layout 1 10-09-2026 15:54 Page 1

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले प्रिंस रहीम आगा खान पंचम, साझेदारी मजबूत करने पर हुई चर्चा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारत की यात्रा पर आए इस्माइली समुदाय के 50वें इमाम प्रिंस रहीम आगा खान पंचम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ÷प्रिंस रहीम आगा खान पंचम से मिलकर खुशी हुई। उनके पिता, स्वर्गीय आगा खान चतुर्थ और विकास कार्यों में उनके अहम योगदान को याद किया। हमने हेल्थकेयर, खेती, ग्रामीण विकास, और युवाओं व महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्रों में आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।÷ इससे पहले खान विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मिले। मुलाकात के बाद एक्स पर जयशंकर ने लिखा कि प्रिंस रहीम आगा खान पंचम से मिलकर



खुशी हुई। आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क (एकेडीएन) द्वारा सामाजिक विकास और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रभावशाली कार्यों पर चर्चा की। साथ ही और भारत और विदेशों में संभावनाओं को लेकर मंथन किया।

इस्माइली समुदाय के 50वें इमाम प्रिंस रहीम आगा खान पंचम बुधवार को भारत पहुंचे थे। 50वें इमाम के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। 9 से 15 सितंबर तक भारत दौरे रहेंगे। वो देश मंत्रालय के अनुसार, आगा खान पंचम की यह भारत यात्रा उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के निमंत्रण पर हो रही है। प्रिंस रहीम आगा खान करीब एक सप्ताह तक भारत की यात्रा पर रहेंगे।

इस दौरान वो अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद भी जाएंगे। प्रिंस रहीम आगा खान पंचम 10 सितंबर को उपराष्ट्रपति के साथ अहम बैठक करेंगे। इन बैठकों के अलावा भारत यात्रा के दौरान आगा खान पंचम अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद का भी दौरा करेंगे। इन शहरों में आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क (एकेडीएन) विभिन्न विकास कार्यों और सामुदायिक पहलों से जुड़ा हुआ है। आगा खान पंचम के रूप में इस्माइली समुदाय के 50वें इमाम का पद संभालने के बाद यह प्रिंस की पहली भारत यात्रा है।

प्रिंस आगा खान पंचम ने फरवरी 2025 में अपने पिता प्रिंस करीम आगा खान चतुर्थ के निधन के बाद 50वें इमाम का पद संभाला। उस दौरान प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ और शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें इमाम के निधन की जानकारी इस्माइली धार्मिक समुदाय ने अपनी वेबसाइट पर दी थी।

आगा खान चतुर्थ ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने विश्व के सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर पड़े समुदायों की मदद की है। आगा खान ने वर्ष 1967 में %आगा खान फाउंडेशन% की स्थापना की थी। यह फाउंडेशन अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका के 18 देशों में काम करता है।

गुलजार सिंह मौत मामला :

अकाली दल ने वित्त मंत्री चीमा पर एफआईआर और सीबीआई जांच की मांग की : मजीठिया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर जिले के गुलजार सिंह की आत्महत्या के मामले में सियासत तेज हो गई है। शिरोमणि अकाली दल के महासचिव बिक्रम सिंह मजीठिया ने पीड़ित परिवार का साथ देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा समेत सभी आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बिक्रम सिंह मजीठिया ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, मैं गुलजार सिंह के शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा हूं और वित्त मंत्री हरपाल चीमा सहित सभी कथित आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की मांग करता हूं। मेरा पंजाब पहले कभी ऐसा नहीं था। पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार पर नियंत्रण मानव गरिमा पर अमानवीय हमला है, जो चीमा के निर्देशों पर किया गया। एक वीडियो संदेश में बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि पिछले कई दिनों से पंजाब में जो कुछ भी हो रहा है, वह काफी चिंताजनक है। यह आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामी है। ये सरकार बदलाव की बात करती है लेकिन बदलाव सिर्फ इतना आया कि पिज्जा की डिलीवरी स्लो हो गई, लेकिन नशे की डिलीवरी तेज हो रही है। और जो कोई भी इसके खिलाफ आवाज उठा रहा है, उसकी आवाज दबा दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार का काम सिर्फ गरीबों का शोषण करना रह गया है। देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि अगर कोई नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है और उसे बंद करने की मांग कर रहा है, तो उसे अपनी जान देनी पड़ रही है। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की। एक अन्य एक्स पोस्ट में बिक्रम सिंह मजीठिया ने लिखा, आज गुलजार सिंह का परिवार एक बार फिर इंसाफ मांग रहा है। वे बता रहे हैं कि कैसे पुलिस ने उन्हें दबाया और जबरन अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया। आज दलित परिवार कह रहा है कि उन्हें हड्डियों के अलावा कुछ नहीं मिला। जिससे साफ पता चलता



है कि कैसे गुरु-सिद्धांत को धोखा देने वाली सरकार ने एक गरीब दलित परिवार की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब के संगरूर जिले में रहने वाले 50 साल के गुलजार सिंह ने जहर खा लिया था। बताया जा रहा है कि वह सरकार द्वारा ड्रग्स की समस्या रोकने के लिए पर्याप्त कदम न उठाने से परेशान थे। जहर खाने के बाद उन्हें काफी दर्द हुआ, लेकिन मरने से पहले उन्होंने लोगों से बात की। मरने से पहले गुलजार सिंह ने कहा था, हरपाल सिंह चीमा भी मेरी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। वह पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की ओर इशारा कर रहे थे, जिनसे उन्होंने गांव के दौरे के दौरान राज्य की ड्रग्स समस्या को लेकर सवाल किया था। गुलजार सिंह ने आरोप लगाया था कि %आप% सरकार के मंत्री से सवाल करने के बाद पुलिस उन्हें अलग ले गई और माफी मांगने के लिए काफी दबाव डाला गया। अपने आखिरी बयान में उन्होंने कहा था, सरपंच भी मेरी मौत के लिए जिम्मेदार है। मैंने हरपाल सिंह चीमा से ड्रग्स के बारे में सवाल किया था। मेरा बेटा ड्रग्स लेता है। मेरा घर बिक गया। मेरे पास कुछ नहीं है और आखिरकार अब मैंने जहर खा लिया है। पंजाब में कहीं भी ड्रग्स की समस्या हल नहीं हुई है।

श्रीनगर पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े 6 अलग-अलग मामलों में 6.22 करोड़ की संपत्तियों को किया सीज

डेली आवाज भारती

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर पुलिस ने ड्रग्स से जुड़े कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए छह अलग-अलग मामलों में आरोपियों की 6.22 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को सीज कर दिया। जांच के दौरान, यह पाया गया कि संपत्तियां गैर-कानूनी तरीके से हासिल की गई थी और ड्रग तस्करी की गतिविधियों से हुई कमाई से जुड़ी थीं। श्रीनगर पुलिस ने निगीन थाना क्षेत्र में 1.10 करोड़ रुपए और जकूरा क्षेत्र में 1.14 करोड़ रुपए की संपत्ति को अटैच किया। वहीं, शाल्टेंग में एक करोड़ और 43 लाख रुपए की अलग-अलग संपत्तियां फ्रीज की गई। इसके अलावा, पुलिस ने अहमद नगर थाना क्षेत्र में 2.2 करोड़ रुपए की संपत्ति और लाल बाजार इलाके में



35 लाख की संपत्ति अटैच की। ये संपत्तियां नशे के कारोबार से जुड़े अपराधियों की हैं। वर्तमान में नशे के खतरे के खिलाफ लड़ाई श्रीनगर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है, जिसमें मादक पदार्थ नेटवर्क को खत्म करने, उनके वित्तीय ढांचे को ध्वस्त करने और एक सुरक्षित, स्वस्थ और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर पुलिस की यह निरंतर कार्रवाई नशा तस्करी के प्रति उसकी जीरो-टॉलरेंस नीति और मादक पदार्थ नेटवर्क की आर्थिक बुनियाद पर प्रहार करने के उसके दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों की पहचान, ट्रेसिंग और उनके खिलाफ कार्रवाई करके श्रीनगर पुलिस उस वित्तीय तंत्र को निशाना बना रही है जो नशा तस्करी को बढ़ावा देता है और बनाए रखता है। श्रीनगर पुलिस ने दोहराया है कि नशा तस्करों और उनके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

उत्तर प्रदेश- इटावा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार



डेली आवाज भारती

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके खिलाफ इटावा के अलग-अलग थानों में लूट, गैंगस्टर, हत्या के प्रयास, हथियार रखने समेत 13 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार बदमाश की पहचान 26 वर्षीय अंकित उर्फ फौजी पुत्र रामचन्द्र निवासी ब्रम्हनगर, थाना कोतवाली, इटावा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अंकित थाना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है और उसकी हिस्ट्रीशीट संख्या 293ए है। भरथना के सीओ रामदवन मौर्य ने बताया कि 9 और 10 सितंबर की रात बकेवर पुलिस निवाड़ी कला तिराहे के पास संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान अहेरीपुर की तरफ से बाइक सवार अंकित आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और अछल्दा की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए दूसरी टीम को भी सूचना दी।

कानपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पैर में गोली लगने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि गोली लगने के बाद एक अपराधी घायल होकर गिर गया, जिसे बाद में पकड़ लिया गया। वहीं, मौके से उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान अनिल और कालिका के रूप में हुई है, जो कटेठी के रहने वाले हैं। इनमें से अनिल को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगी, जिसे बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के



निर्देशन में थाना गजनेर पुलिस ने बलात्कार की घटना का सफल अनावरण किया। मुठभेड़ के दौरान 2 अभियुक्तों को एक देशी तमंचा (315 बोर) और कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। सीओ संजय सिंह के अनुसार, बुधवार को थाना गजनेर पर एक व्यक्ति की ओर से सूचना दी गई कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गांव के ही 2 व्यक्तियों की ओर से बलात्कार किया गया है। जिसके संबंध में थाना गजनेर पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया। अगली सुबह, गुरुवार को मुखबिर की खास सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित दोनों अभियुक्त भागने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना के बाद इस संबंध में थानाध्यक्ष गजनेर अपनी पुलिस टीम के साथ अभियुक्त की गिरफ्तारी करने के प्रयास में गए। दोनों व्यक्तियों को रोका गया तो वे भागे। इसी बीच, उनकी तरफ से पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की, जिसमें एक व्यक्ति अनिल के पैर में गोली लगी।आरोपी अनिल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है। फिलहाल, पुलिस टीम आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

बिहार में निर्माणाधीन पुल का लॉन्चर गिरा, सात मजदूर घायल, तेजस्वी ने सरकार पर साधा निशाना

डेली आवाज भारती

हाजीपुर। बिहार के वैशाली जिले में गुरुवार को भारतमाला परियोजना के तहत फोरलेन निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर पंचायत के इतवारपुर गांव के समीप निर्माणाधीन एनएच-139डब्ल्यू के एक पुल पर काम के दौरान लॉन्चर मशीन अचानक गिर गई। हादसे में करीब सात मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि तीन मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, हादसा उस समय हुआ जब निर्माणाधीन पुल पर लॉन्चर मशीन के जरिए निर्माण सामग्री को ऊपर ले जाने का काम किया जा रहा था। अचानक मशीन का हिस्सा गिर गया, जिसकी चपेट में



काम कर रहे मजदूर आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहतकर्मियों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि लॉन्चर मशीन के नीचे करीब सात मजदूर घायल हुए हैं। सभी को प्राथमिक उपचार कराया गया। इनमें से तीन मजदूरों को सदर अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि एक मजदूर करीब डेढ़ घंटे तक मशीन के नीचे दबा रहा। उसका पैर मशीन के हिस्से में फंसा हुआ था। गैस कटर की मदद से मशीन के हिस्से को काटकर मजदूर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोपाल मंडल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी कुछ बातें सामने आई हैं। इन बिंदुओं की जांच की जा रही है और संबंधित एनएच विभाग से भी पत्राचार किया जाएगा। निर्माण कंपनी द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं, इसकी भी जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस हादसे को लेकर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बिहार में फिर एक पुल गिरा है। उन्होंने दावा किया कि वैशाली में भ्रष्टाचार के बोझ से निर्माणाधीन पुल गिरने से करीब आधा दर्जन मजदूर दबे और घायल हुए हैं तथा कई की हालत गंभीर है।

नेपाल में बाढ़ : परिजनों के डीएनए से होगी अपनों की पहचान

डेली आवाज भारती

गुजरात से 29 सैंपल एकत्र

गांधीनगर। गुजरात सरकार ने नेपाल में 26 अगस्त को आई वो नाशकारी बाढ़ के बाद उन लोगों के परि जनों का डीएनए सैंपल एकत्र कि ए हैं, जो इस त्रासदी में लापता हो गए। गुजरात के ऐसे करीब 30 लोग हैं जो बाढ़ का शि कार हो गए और अब तक उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है। 30 में 29 लोगों को परि जनों को सैंपल इकट्ठा कर लि ए गए हैं। इकट्ठा किए गए डीएनए सैंपल की प्रोफाइलिंग की जा रही है, ताकि आपदा में मिले शवों और मानव अवशेषों की पहचान की जा सके। बाकी एक लापता व्यक्ति के परिजनों से नमूने लेने की प्रक्रिया भी जारी है। गुजरात स्टेट नॉन-रेजिडेंट गुजराती फाउंडेशन (एनआरजीएफ), जो सामान्य प्रशासन विभाग के एनआरआई



प्रभाग के तहत काम करता है, इस पूरी प्रक्रिया में परिवारों और भारत तथा विदेशों की संबंधित एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है। यह अभियान केंद्र सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार चलाया जा रहा है। इसके तहत लापता लोगों के करीबी रिश्तेदारों के डीएनए नमूने लेने और उनकी प्रोफाइलिंग के लिए विशेष फोरेंसिक प्रयोगशालाएं तय की गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के अनुसार इन निर्धारित प्रयोगशालाओं में डीएनए प्रोफाइलिंग का काम मुफ्त किया जा रहा है।

गुजरात में इस प्रक्रिया के लिए छह प्रयोगशालाएं काम कर रही हैं। गांधीनगर, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, जूनागढ़ और राजकोट में डीएनए प्रोफाइलिंग की जा रही है। गांधीनगर स्थित नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) भारत में लिए गए डीएनए नमूनों की प्रोफाइलिंग और नेपाल में चल रही पहचान प्रक्रिया के साथ उसके मिलान को लेकर विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर रही है।

एनएफएसयू की दस सदस्यीय फोरेंसिक टीम भी नेपाल में पहचान संबंधी प्रयासों में शामिल है। दूसरी ओर नेपाल पुलिस ने भी घटना के बाद मिले शवों और मानव अवशेषों की डीएनए जांच शुरू कर दी है।

एनआरजीएफ प्रत्येक लापता व्यक्ति के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर रहा है और उन्हें निर्धारित प्रयोगशालाओं, उपलब्ध सुविधाओं तथा डीएनए नमूने देने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे रहा है। संस्था विदेशों में रहने वाले एनआरजी और अन्य रिश्तेदारों के साथ भी संपर्क में है।

गुलजार सिंह मौत मामला : अकाली दल ने वित्त मंत्री चीमा पर एफआईआर और सीबीआई जांच की मांग की

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर जिले के गुलजार सिंह की आत्महत्या के मामले में सियासत तेज हो गई है। शिरोमणि अकाली दल के महासचिव बिक्रम सिंह मजीठिया ने पीड़ित परिवार का साथ देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा समेत सभी आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बिक्रम सिंह मजीठिया ने %एक्स% पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷मैं गुलजार सिंह के शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा हूं और वित्त मंत्री हरपाल चीमा सहित सभी कथित आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की मांग करता हूं। मेरा पंजाब पहले कभी ऐसा नहीं था। पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार पर नियंत्रण मानव गरिमा पर अमानवीय हमला है, जो चीमा के निर्देशों पर किया गया।÷ एक वीडियो संदेश में बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि



पिछले कई दिनों से पंजाब में जो कुछ भी हो रहा है, वह काफी चिंताजनक है। यह आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामी है। ये सरकार बदलाव की बात करती है लेकिन बदलाव सिर्फ इतना आया कि पिज्जा की डिलीवरी स्लो हो गई, लेकिन नशे की डिलीवरी तेज हो रही है। और जो कोई भी इसके खिलाफ आवाज उठा रहा है, उसकी आवाज दबा दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार का काम सिर्फ गरीबों का शोषण करना रह गया है। देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि अगर कोई नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है और उसे बंद करने की मांग कर रहा है, तो उसे अपनी जान देनी पड़ रही है। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की। एक अन्य एक्स पोस्ट में बिक्रम सिंह मजीठिया ने लिखा, आज गुलजार सिंह का परिवार एक बार फिर इंसाफ मांग रहा है। वे बता रहे हैं कि कैसे पुलिस ने उन्हें दबाया और जबरन अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया।

सीजेपी प्रदर्शन से जुड़े मामले में 14 वर्षीय बच्ची को धमकाने और डराने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। सीजेपी प्रदर्शन से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। 14 वर्ष की बच्ची को धमकाने के आरोप में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज कर एक्शन लिया जाए और पीड़िता और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली पुलिस और यूपी से स्टे%स÷ रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। सीजेपी विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामले में 14 वर्षीय बच्ची को कथित तौर पर धमकाने और डराने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को भी पीड़िता या उसके परिवार को आपराधिक कार्रवाई आगे बढ़ाने



के लिए डराने-धमकाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। मामला उस समय सामने आया जब वकील ने कोर्ट को बताया कि बच्ची के खिलाफ भी काउंटर एफआईआर दर्ज कर दी गई है, जबकि उस पर कथित तौर पर हमला करने और उसे धमकाने वाले लोग अब भी खुले घूम रहे हैं। वकील ने बताया कि बच्ची की शिकायत को अब पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन ने अपने संज्ञान में लेकर कार्रवाई शुरू की है। वकील ने सुप्रीम कोर्ट से उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मंगाने का अनुरोध किया।

राष्ट्रीय कला मंदिर के तत्वावधान में 27 सितंबर को रंगारंग राजस्थानी संस्कृतिक संध्या, प्रेम मंडा और सोनू राजस्थानी देंगे नृत्य प्रस्तुतियां

डेली आवाज भारती

श्रीगंगानगर। शहर के कला प्रेमियों के लिए एक खास सांस्कृतिक संध्या का इंतजार है। राष्ट्रीय कला मंदिर के तत्वावधान में आगामी 27 सितंबर की शाम चौधरी रामजस राय ऑडिटोरियम में भव्य राजस्थानी सांस्कृतिक नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मंच पर राजस्थान की लोक संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने बताया कि कार्यक्रम में बाड़मेर की मशहूर नृत्यांगना प्रेम मंडा और सोनू राजस्थानी अपनी नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। दोनों कलाकार राजस्थानी लोक नृत्य की पारंपरिक और ऊर्जावान शैली के लिए जाने जाते हैं।कार्यक्रम में दर्शक भवई नृत्य, मटकी नृत्य, अग्नि नृत्य और घुटना चकरी जैसी दुर्लभ व आकर्षक




राजस्थानी नृत्य शैलियों से रूबरू होंगे। भवाई नृत्य में सिर पर कई मटकियां संभालकर संतुलन के साथ थिरकना, मटकी नृत्य की लयबद्ध चाल, अग्नि नृत्य की रोमांचक प्रस्तुति और घुटना चकरी का तेज चक्कर ये सभी विधाएं राजस्थान की मरुस्थलीय संस्कृति और कलाकारों की साधना का प्रमाण हैं। प्रेम मंडा बाड़मेर क्षेत्र की उन कलाकारों में शामिल हैं, जो गैस सिलेंडर या मटकियों पर भवाई नृत्य और घुटनों पर चकरी घुमाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। सोनू राजस्थानी भी लोक गीतों पर भावपूर्ण और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियां देने के लिए जानी जाती हैं।वीरेंद्र बैद ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 27 सितंबर को शाम 6ः31 बजे होगा। संस्था की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। राष्ट्रीय कला मंदिर 75 वर्षों से संगीत, नाटक और लोक संस्कृति के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करता रहा है। इस बार का आयोजन विशेष रूप से राजस्थानी लोक नृत्य को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सके और शहरवासियों को घर बैठे राजस्थान की रंग-बिरंगी संस्कृति का आनंद मिल सके। अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने कला प्रेमियों, परिवारों और युवाओं से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस सांस्कृतिक संध्या का हिस्सा बनें।

CMYK

page 8_Layout 1 10-09-2026 19:38 Page 1

अमन अरोड़ा ने पंजाब-शारजाह व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए संयुक्त उपक्रम, निर्यात, तकनीकी सहयोग और सुगम बाजार पहुंच पर दिया जोर

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/शारजाह, राहुल गोयल : पंजाब की यू.ए.ई. निवेश पहुंच को अगले चरण में ले जाते हुए राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने पंजाब और यू.ए.ई. के बीच व्यापारिक, निवेश एवं औद्योगिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल (IBPC) के साथ रणनीतिक बातचीत की। यह बातचीत बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) संबंधों को मजबूत करने और एक संगठित ढांचा स्थापित करने पर केंद्रित थी, ताकि पंजाब और शारजाह के उद्यमियों को साझेदार तलाशने, संयुक्त उपक्रम (ज्वाइंट वेंचर) स्थापित करने, निर्यात बढ़ाने और दीर्घकालिक पारस्परिक लाभकारी व्यापारिक संबंध स्थापित करने में मदद मिल सके। श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल और %इन्वेस्ट पंजाब% उद्योग-से-उद्योग समन्वय को तेज करने के लिए सहमत हुए। श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि %इन्वेस्ट पंजाब% शारजाह के निर्माताओं, निर्यातकों और सेवा प्रदाताओं को पंजाब के संबंधित उद्योगों के साथ जोड़ने में सुविधा प्रदान करेगा, साथ ही यू.ए.ई. में व्यापारिक संभावनाओं की तलाश करने वाली पंजाब की कंपनियों की भी मदद करेगा। उद्योग मंत्री ने पंजाब के मजबूत औद्योगिक आधार, बेहतर उद्यमी इकोसिस्टम और उत्तर भारत में इसकी रणनीतिक स्थिति को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने नियमों को सरल बनाकर, %ईज ऑफ डूइंग बिजनेस% को बढ़ावा देकर और निवेशकों को शुरू से अंत तक पेशेवर सुविधाएं प्रदान करके पंजाब को भारत के सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों में से एक बनाने के लिए निर्णायक सुधार किए हैं। श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब पारंपरिक निवेश प्रोत्साहन से आगे बढ़कर द्विपक्षीय व्यापारिक साझेदारी को बढ़ावा देना चाहता है, जिससे दोनों क्षेत्रों की कंपनियां विनिर्माण, निर्यात, सेवाओं, प्रौद्योगिकी और अन्य उभरते क्षेत्रों में मिलकर काम कर सकें। उन्होंने शारजाह के व्यापारिक समुदाय को पंजाब का दौरा करने, 'इन्वेस्ट पंजाब' से जुड़ने और राज्य के विविध एवं तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक इकोसिस्टम में संभावनाओं की तलाश करने का निमंत्रण दिया। बातचीत के दौरान भारत-यू.ए.ई. व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सी.ई.पी.ए.) और वैश्विक बाजारों के साथ यू.ए.ई. के बढ़ते व्यापारिक समझौतों से उत्पन्न होने वाले रणनीतिक अवसरों को विशेष रूप से मान्यता दी गई। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब-यू.ए.ई. के बीच मजबूत व्यापारिक संबंध न केवल द्विपक्षीय व्यापार को गति देंगे, बल्कि पंजाब के निर्माताओं और निर्यातकों को मध्य पूर्व तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने के लिए यू.ए.ई. को एक गेटवे के रूप में उपयोग करने में भी सक्षम बनाएंगे। इस मुलाकात के दौरान शारजाह के विशाल औद्योगिक इकोसिस्टम पर भी चर्चा हुई, जिसमें 3,000 से अधिक विनिर्माण इकाइयां, सात फ्री जोन और 18 औद्योगिक जोन शामिल हैं, जो पंजाब के साथ रणनीतिक व्यापारिक साझेदारी स्थापित करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। इन्वेस्ट पंजाब के सी.ई.ओ. श्री अमित ढाका ने एक प्रस्तुति के माध्यम से राज्य में निवेश के अवसरों, प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में किए गए बड़े सुधारों को प्रस्तुत किया।

लुधियाना साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

ढाई करोड़ की साइबर ठगी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

फर्म मालिक की फोटो लगाकर मैनेजर को भेजा झांसा, 2.45 करोड़ रुपये की ठगी - 24 लाख रुपये पीड़ित को वापस करवाए

डेली आवाज भारती (क्राइम)



लुधियाना/रवीश कपूरः लुधियाना पुलिस ने 2.45 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनविंदर सिंह उर्फ मनी, निवासी लुधियाना, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने साइबर ठगी से प्राप्त रकम अपने बैंक खातों में जमा करवाकर अपराध में सहयोग किया था। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर लुधियाना श्री स्वप्न शर्मा, आईपीएस के दिशा-निर्देशों पर की गई। मामले की निगरानी डिप्टी कमिश्नर पुलिस श्री हरपाल सिंह, पीपीएस द्वारा की जा रही थी। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस, स्थानीय, लुधियाना श्री वैभव सहगल, पीपीएस तथा सहायक कमिश्नर पुलिस, साइबर क्राइम श्री हरजिंदर सिंह, पीपीएस के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम की टीम ने सब-इंस्पेक्टर हरिंदर पाल सिंह सहित पुलिस कर्मचारियों की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के विरुद्ध थाना साइबर क्राइम लुधियाना में 8 सितंबर 2026 को दर्ज मुकदमा नंबर 26/2026 के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित फर्म के मैनेजर को निशाना बनाया। आरोपियों ने फर्म मालिक की फोटो का इस्तेमाल कर मैनेजर को संदेश भेजे और एक अन्य फर्म के साथ व्यावसायिक सौदा करने का झांसा दिया। इसके बाद मैनेजर से धोखाधड़ी कर करीब 2 करोड़ 45 लाख रुपये हासिल कर लिए गए। पुलिस ने बताया कि मामले में अब तक करीब 24 लाख रुपये पीड़ित को वापस करवाए जा चुके हैं। साइबर ठगी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। पुलिस की साइबर टीम डिजिटल साक्ष्यों और बैंकिंग लेन-देन की भी गहन जांच कर रही है। पुलिस ने आम जनता, विशेषकर कारोबारियों, से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या ऑनलाइन कारोबारी प्रस्ताव पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें अथवा नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाएं।

नशीली गोलियां बेचने वाले गिरोह का बरनाला पुलिस ने किया पर्दाफाश, 60 गोलियां बरामद

डेली आवाज भारती (क्राइम)



बरनाला (हेमन्त मित्तल) शहर में नशीले पदार्थों की बिक्री पर शिकंजा कसते हुए थाना सिटी-2 बरनाला पुलिस ने एक महिला समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड में आरोपियों पर कथित तौर पर गिरोह बनाकर नशीली गोलियां बेचने का काम करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान **60 नशीली गोलियां बरामद करने का दावा किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार थाना सिटी-2 बरनाला में तैनात हवलदार गुलशन कुमार 868/ को एक खास मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना में आरोप लगाया गया कि नबी पत्नी दीप सिंह, जसप्रीत कौर उर्फ जस्सी पत्नी बब्बू, पालो निवासी नेड़े छज्जू रोशन का कारखाना बरनाला, तेजिंदर उर्फ काकू, अमनदीप सिंह उर्फ मनी पुत्र नरायनदास निवासी अकालगढ़ बस्ती तथा अजय शर्मा उर्फ बामण पुत्र तरलोचन पाल निवासी नेड़े शिव मंदिर सेखा फाटक बरनाला कथित तौर पर एक गिरोह बनाकर नशीली गोलियां बेचने का काम कर रहे हैं।

मुखबिर की सूचना के अनुसार ये लोग कथित रूप से नशीली गोलियों की बिक्री में सक्रिय थे और उस समय भी नशीली गोलियां बेचने की गतिविधि में शामिल बताए गए। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रेड की। रेड के दौरान पुलिस ने **पालो और अमनदीप सिंह के कब्जे से 60 नशीली गोलियां बरामद** किए जाने की बात कही है। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कथित तौर पर नशीली गोलियों की सप्लाई कहां से होती थी और इस मामले में नामजद अन्य लोगों की भूमिका क्या है।

खेदां वतन पंजाब-2026: ब्लॉक भदौड़ के खेलों का शानदार आरंभ

विधायक लाभ सिंह उगोके ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया

- निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने का आह्वान किया

डेली आवाज भारती (क्राइम)



भदौर। पंजाब सरकार द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में लगाने के उद्देश्य से आयोजित %खेदान वतन पंजाब दियां-2026% सीजन-4 की प्रतियोगिताएं भदौर ब्लॉक में भव्य रूप से शुरू हुईं। भादौर के पब्लिक स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान, निर्वाचन क्षेत्र के विधायक लाभ सिंह उगोके ने औपचारिक रूप से खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में, विधायक उगोके ने खिलाड़ियों का परिचय कराया, उन्हें प्रोत्साहित किया और उन्हें पूर्ण समर्पण, अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक उगोके ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और टीम भावना विकसित करने का सबसे प्रभावी साधन हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी क्षमताओं और कौशल को सही दिशा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है, जिनमें खेलों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि %खेदान वतन पंजाब दियां% जैसे खेल आयोजन गांवों और शहरों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे हार-जीत की चिंता किए बिना पूरे उत्साह, ईमानदारी और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लें और पंजाब का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रूपेश कुमार बेगरा ने बताया कि भदौर ब्लॉक की प्रतियोगिताएं आज और कल भी जारी रहेंगी। इनमें से एथलेटिक्स, राष्ट्रीय और सर्कल शैली की कबड्डी, वॉलीबॉल, शूटिंग और स्मैशिंग प्रतियोगिताएं भदौर के पब्लिक स्टेडियम में, खो-खो प्रतियोगिताएं माता गुजरी पब्लिक स्कूल भदौर में और फुटबॉल प्रतियोगिताएं एसएसएस स्कूल भदौर में आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर बाजार समिति के अध्यक्ष तापा तरसेम सिंह काहनेके, कोच गुरविंदर कौर, कोच जसप्रीत सिंह और अन्य लोग, शिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

पीजीटी कंप्यूटर साइंस अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की होगी वेरीफिकेशन

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने पीजीटी कंप्यूटर साइंस भर्ती (विज्ञापन संख्या 23/2026) के चयनित उम्मीदवारों के लिए अच्छी खबर है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, हरियाणा ने सभी चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के लिए विस्तृत शेड्यूल और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को 11 और 12 सितंबर 2026 को उत्कर्ष सोसाइटी, सेक्टर-2, पंचकूला के कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। शिक्षा विभाग ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभ्यर्थियों के क्रमांक और कुल 6 कमेटियों के हिसाब से शेड्यूल तय किया है। वहीं मेवात कैडर के 9 कैंडिडेट शनिवार 12 सितंबर को बुलाए गए हैं। अभ्यर्थियों को दसवीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन समेत सभी तरह के प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां लानी होंगी। श्रेणी-वार आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को अपना नवीनतम एवं वैध श्रेणी प्रमाणपत्र तथा हरियाणा निवास प्रमाणपत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा।

बरनाला का स्वास्थ्य विभाग, 121 प्रतिशत मोतियाबिंद के ऑपरेशनों को सफलतापूर्वक किए संपन्न

विशेषज्ञ डॉक्टरों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया

डेली आवाज भारती



बरनाला। बरनाला के स्वास्थ्य विभाग ने एनपीसीबी कार्यक्रम के तहत पंजाब सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक 121 प्रतिशत मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए हैं। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, बरनाला के सिविल सर्जन डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने सरकारी और निजी नेत्र विशेषज्ञों और सहायक कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। जिला टीकाकरण अधिकारी-सह-नोडल अधिकारी डॉ. हरजीत सिंह ने बताया कि %राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम% के तहत, सरकारी और निजी डॉक्टरों, कर्मचारियों और सामाजिक सेवा संगठनों के सहयोग से वर्ष 2025-26 के दौरान 66 विशेष जांच शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में 50 वर्ष से अधिक आयु के 11,806 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 6,263 लोगों की मोतियाबिंद की सर्जरी की गई। रनाला की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंदु बंसल, डॉ. अमोलदीप कौर, डॉ. दीप्ति गुप्ता (सिविल अस्पताल बरनाला) और डॉ. गुरसिमरनजीत सिंह (उप-मंडल अस्पताल तापा) और स्टाफ को मोतियाबिंद की जांच के बारे में लोगों को जागरूक करने और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निजी चिकित्सकों डॉ. रूपेश सिंगला (प्रेम आई हॉस्पिटल), डॉ. गुरपाल सिंह (पंजाब आई हॉस्पिटल) और डॉ. तरलोकी नाथ (तरलोकी एडवांस आई हॉस्पिटल) को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा, नेत्र रोग अधिकारी रुपिंदर सिंह और गुरमीत सिंह, मैडम आराधना सहगल (सहायक एनपीसीबी), सिविल सर्जन बरनाला कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों और ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर्स को भी सम्मानित किया गया। जिला जनसंचार एवं सूचना अधिकारी कुलदीप सिंह मान, उप जनसंचार अधिकारी बलराज सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुलवंत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंजाब को मोतियाबिंद मुक्त बनाना है।

सांसद मीत हेयर ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी से एकता का आह्वान

डेली आवाज भारती





बरनाला/हंडियाया। पंजाब सरकार द्वारा राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए शुरू किए गए %नशीली दवाओं के खिलाफ युद्ध% अभियान के तहत, लोकसभा सदस्य एस. गुरमीत सिंह मीट हेयर ने डब्ल्यू.एस. कॉलेज हांडिया के सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया और कहा कि इस मादक पदार्थों की आग को हमारे घरों तक पहुंचने से रोकने के लिए पूरे समाज को एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के साथ-साथ मादक पदार्थों के पीड़ितों के उपचार के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को मादक पदार्थों के तस्करों पर शिकंजा कसने और नशा मुक्ति मोर्चा टीम से मिली प्रतिक्रिया पर व्यावहारिक रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। युवाओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य भर में बड़े पैमाने पर खेल स्टेडियमों का निर्माण किया जा रहा है ताकि युवाओं की ऊर्जा को खेलों की ओर मोड़ा जा सके। उन्होंने आगे कहा कि %ग्राम रक्षा समितियां% गांवों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं ताकि कोई भी असामाजिक तत्व भोले-भाले युवाओं को गुमराह न कर सके और उन्हें नशे के दलदल में न धकेल सके। इस अवसर पर अभियान के मालवा जोन के उप समन्वयक अधिवक्ता गुरप्रीत सिंह चेरी ने सामूहिक प्रयास का आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम ग्राम समितियों और पुलिस के साथ सक्रिय रूप से काम करके इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएं। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों से जिले के हर हिस्से में लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनके बहुत अच्छे और सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। बरनाला के उपायुक्त हरप्रीत सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन युवाओं को नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और अतीत में विशेष सेमिनार आयोजित किए गए हैं। इस अवसर पर एसएसपी मोहम्मद सरफराज आलम ने पुलिस के प्रदर्शन के बारे में बात की और आश्वासन दिया कि इस अभियान के तहत और अधिक सक्रिय प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले नागरिकों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इससे पहले, ड्रग डिटॉक्सिफिकेशन फ्रंट के जिला समन्वयक कुलदीप सिंह फरवाही ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और इस अभियान के तहत नशीली दवाओं को खत्म करने के लिए ड्रग डिटॉक्सिफिकेशन फ्रंट द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

अकाली दल को बड़ा झटका, अभीपुर की सरपंच अमरजीत कौर मावी सहित कई परिवार आप में शामिल

डेली आवाज भारती





न्यू चंडीगढ़, (संदीप अकालगढ़िया): शिरोमणि अकाली दल को आज विधानसभा क्षेत्र खरड़ में उस समय बड़ा झटका लगा, जब गांव अभीपुर की सरपंच बीबी अमरजीत कौर मावी ने अपने पुत्र एवं अकाली दल के नेता के तौर पर सक्रिय रहे बलकार सिंह मावी सहित बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। एक सादे कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज परमिंदर सिंह गोल्डी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इसके अलावा गांव कुब्बाहेड़ी के सरपंच हरविंदर सिंह कुब्बाहेड़ी सहित पूरी पंचायत के सदस्यों ने भी आम आदमी पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया। इस अवसर पर बलकार सिंह मावी ने कहा कि राजनीति बाद में होती है, सबसे पहले अपना परिवार और यारी-दोस्ती होती है उन्होंने कहा कि परमिंदर सिंह गोल्डी को हलका इंचार्ज के रूप में सेवा करने का अवसर मिला है। यदि आज हम उनका साथ नहीं देंगे तो भविष्य में हलके का कोई भी युवा राजनीति में आगे आने से हिचकेगा।

उन्होंने कहा कि पहली बार उनके इलाके के किसी युवा को यह सेवा करने का अवसर मिला है, इसलिए राजनीतिक मतभेदों को छोड़कर उनका साथ देकर उन्हें सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका परिवार लंबे समय से अकाली दल से जुड़ा रहा है और अकाली दल के सभी नेता उनके लिए सम्मानित हैं। उनके साथ हमेशा भाईचारे वाला संबंध रहा है। बलकार सिंह मावी ने कहा कि वर्तमान सरकार के साथ जुड़े नेता ही गांवों का विकास करवाने में अधिक सक्षम हैं। इसी सोच के तहत उन्होंने कई परिवारों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि गांवों और पूरे इलाके का विकास करवाना जरूरी है और अपने ही हलके का युवा ही लोगों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ सकता है। इसलिए जब मौजूदा सरकार ने उनके इलाके के युवा परमिंदर सिंह गोल्डी को सेवा का अवसर दिया है तो उनका सहयोग करना जरूरी है। बलकार सिंह मावी ने बताया कि उनके गांव में पहले हुए अधिकतर विकास कार्य पंजाब सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि हलका विधायक की ओर से गांव को कोई विशेष ग्रांट जारी नहीं की गई। हालांकि सर्वसम्मति से सरपंच चुने जाने के बाद सरकार की ओर से घोषित पांच लाख रुपये की ग्रांट जरूर मिली है। उन्होंने परमिंदर सिंह गोल्डी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज उन्होंने गांव के विकास के लिए पांच लाख रुपये की ग्रांट दी है और भविष्य में भी उनसे इसी प्रकार के सहयोग की उम्मीद है।

इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि बलकार मावी और उनकी माता, गांव अभीपुर की सरपंच बीबी अमरजीत कौर मावी ने एक बैठक रखी थी, जिसमें पूरे परिवार और पंचायत के सदस्यों ने अकाली दल बादल को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। उन्होंने सभी गांववासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार सभी लोगों को समान दृष्टि से देखती है। सरकार की सभी योजनाएं हर परिवार और हर गांव के लिए हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि गांव अभीपुर में अधूरे पड़े विकास कार्यों को मिलकर पूरा करवाया जाएगा और इलाके में आम आदमी पार्टी की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी लोगों तक पहुंचाया जाएगा। गोल्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का लक्ष्य है कि चाहे कोई व्यक्ति किसी भी राजनीतिक पार्टी से संबंधित हो या कोई सरपंच अथवा पंच हो, उसे सरकार की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मिले। इनमें हेल्थ कार्ड योजना, महिलाओं के खातों में 1,500 रुपये देने की योजना तथा 600 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन सुविधाओं को हर परिवार तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर संगठन इंचार्ज गुरशरण सिंह बिंदरखिया, अमनदीप सिंह रोकी, ब्लॉक प्रधान जग्गी कादीमाजरा, सतविंदर सिंह सलेमपुर, बंटी बड़ौदी सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता तथा गांव कुब्बाहेड़ी और अभीपुर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

CMYK